ई-दृष्टि नवत्र प्रस्तुति

2022

उत्तर प्रदेश
लोक सेवा आयोग
द्वारा आयोजित

अद्यतन
UPPCS
(Pre) 2021
Solved
Paper

पी.सी.एस.

प्रारम्भिक एवं मुख्य परीक्षा

SPECIAL

UPPCS

Pre & Mains

(2012-2021) (2012-2017)

हल प्रश्न पत्र

ई-दृष्टि नवत्र प्रस्तुति

संस्करण - 2022
मूल्य - 490/-

➢ संपादकीय कार्यालय :
ई-दृष्टि नवत्र
9/27A, चर्चलेन, प्रयागराज
(इलाहाबाद) - 211002
➢ फोन : 9696431507
➢ ई-मेल : caedristi@gmail.com
➢ वेबसाइट : www.edristi.in
➢ संपर्क समय :
प्रातः 12 से सायं 8 बजे तक
(सोमवार से शुक्रवार)

➢ © ई-दृष्टि नवत्र - किसी भी रूप में सामग्री की नकल प्रतिबंधित
➢ सभी विवादों का निबटारा इलाहाबाद की सीमा में आने वाली सक्षम अदालतों और फोरम में किया जाएगा।

संकलन सहयोग-
➢ डॉ. राजन गुप्ता
➢ विवेक त्रिपाठी
➢ दिनेश कुमार मौर्य
➢ अभय पाण्डेय
➢ आलोक त्रिपाठी
➢ मनीष प्रियदर्शी
➢ पीयूष तिवारी
➢ शशि चन्द्र उपाध्याय
➢ राहुल कुमार धुरिया
➢ फैज़ुल इस्लाम अंसारी

समारंभ

प्रायः परीक्षार्थियों के बीच औत्सुक्य का विषय यह होता है कि किसी परीक्षा में प्रश्नों की प्रकृति क्या रही है? वर्ष-दर-वर्ष परीक्षा की प्रकृति से अवगत होना, परीक्षार्थी में उस परीक्षा के प्रति आत्मविश्वास उत्पन्न करता है। यद्यपि कि अध्यायवार विभाजित हल प्रश्न-पत्र बाजार में उपलब्ध हैं, किंतु उनसे प्रश्नों की बदलती प्रवृत्ति एवं प्रकृति की जानकारी नहीं हो पाती। अतः परीक्षार्थियों की इसी आवश्यकता के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. के सामान्य अध्ययन के प्रारंभिक (2012-2021) एवं मुख्य परीक्षा (2012-2017) के प्रश्न-पत्रों का व्याख्यात्मक हल प्रस्तुत है।

अनुक्रमणिका

उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (प्रा.) परीक्षा (2012-2021)

1.	यू.पी.पी.सी.एस. (प्रा.) परीक्षा, 2021	प्रश्न-पत्र-1 सामान्य अध्ययन-I	**3-24**
2.	यू.पी.पी.सी.एस. (प्रा.) परीक्षा, 2021	प्रश्न-पत्र-2 सामान्य अध्ययन-II (C-SAT)	**25-40**
1.	यू.पी.पी.सी.एस. (प्रा.) परीक्षा, 2020	प्रश्न-पत्र-1 सामान्य अध्ययन-I	**41-64**
2.	यू.पी.पी.सी.एस. (प्रा.) परीक्षा, 2020	प्रश्न-पत्र-2 सामान्य अध्ययन-II (C-SAT)	**65-79**
3.	यू.पी.पी.सी.एस. (प्रा.) परीक्षा, 2019	प्रश्न-पत्र-1 सामान्य अध्ययन-I	**80-111**
4.	यू.पी.पी.सी.एस. (प्रा.) परीक्षा, 2019	प्रश्न-पत्र-2 सामान्य अध्ययन-II (C-SAT)	**112-126**
5.	यू.पी.पी.सी.एस. (प्रा.) परीक्षा, 2018	प्रश्न-पत्र-1 सामान्य अध्ययन-I	**127-149**
6.	यू.पी.पी.सी.एस. (प्रा.) परीक्षा, 2018	प्रश्न-पत्र-2 सामान्य अध्ययन-II (C-SAT)	**150-165**
7.	यू.पी.पी.सी.एस. (प्रा.) परीक्षा, 2017	प्रश्न-पत्र-1 सामान्य अध्ययन-I	**166-192**
8.	यू.पी.पी.सी.एस. (प्रा.) परीक्षा, 2017	प्रश्न-पत्र-2 सामान्य अध्ययन-II (C-SAT)	**193-209**
9.	यू.पी.पी.सी.एस. (प्रा.) परीक्षा, 2016	प्रश्न-पत्र-1 सामान्य अध्ययन-I	**210-231**
10.	यू.पी.पी.सी.एस. (प्रा.) परीक्षा, 2016	प्रश्न-पत्र-2 सामान्य अध्ययन-II (C-SAT)	**232-248**
11.	यू.पी.पी.सी.एस. (प्रा.) पुनर्परीक्षा, 2015	प्रश्न-पत्र-1 सामान्य अध्ययन-I	**249-270**
12.	यू.पी.पी.सी.एस. (प्रा.) परीक्षा, 2015	प्रश्न-पत्र-1 सामान्य अध्ययन-I	**271-289**
13.	यू.पी.पी.सी.एस. (प्रा.) परीक्षा, 2015	प्रश्न-पत्र-2 सामान्य अध्ययन-II (C-SAT)	**290-307**
14.	यू.पी.पी.सी.एस. (प्रा.) परीक्षा, 2014	प्रश्न-पत्र-1 सामान्य अध्ययन-I	**308-328**
15.	यू.पी.पी.सी.एस. (प्रा.) परीक्षा, 2014	प्रश्न-पत्र-2 सामान्य अध्ययन-II (C-SAT)	**329-345**
16.	यू.पी.पी.सी.एस. (प्रा.) परीक्षा, 2013	प्रश्न-पत्र-1 सामान्य अध्ययन-I	**346-366**
17.	यू.पी.पी.सी.एस. (प्रा.) परीक्षा, 2013	प्रश्न-पत्र-2 सामान्य अध्ययन-II (C-SAT)	**367-385**
18.	यू.पी.पी.सी.एस. (प्रा.) परीक्षा, 2012	प्रश्न-पत्र-1 सामान्य अध्ययन-I	**386-405**
19.	यू.पी.पी.सी.एस. (प्रा.) परीक्षा, 2012	प्रश्न-पत्र-2 सामान्य अध्ययन-II (C-SAT)	**406-424**

उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा (2012–17)

1.	यू.पी. पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2017	सामान्य अध्ययन (प्रथम प्रश्न-पत्र)	**2–24**
2.	यू.पी. पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2017	सामान्य अध्ययन (द्वितीय प्रश्न-पत्र)	**25–49**
3.	यू.पी. पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2016	सामान्य अध्ययन (प्रथम प्रश्न-पत्र)	**50–69**
4.	यू.पी. पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2016	सामान्य अध्ययन (द्वितीय प्रश्न-पत्र)	**70–94**
5.	यू.पी. पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2015	सामान्य अध्ययन (प्रथम प्रश्न-पत्र)	**95–114**
6.	यू.पी. पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2015	सामान्य अध्ययन (द्वितीय प्रश्न-पत्र)	**115–139**
7.	यू.पी. पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2014	सामान्य अध्ययन (प्रथम प्रश्न-पत्र)	**140–161**
8.	यू.पी. पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2014	सामान्य अध्ययन (द्वितीय प्रश्न-पत्र)	**162–184**
9.	यू.पी. पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2013	सामान्य अध्ययन (प्रथम प्रश्न-पत्र)	**185-206**
10.	यू.पी. पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2013	सामान्य अध्ययन (द्वितीय प्रश्न-पत्र)	**207-233**
11.	यू.पी. पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2012	सामान्य अध्ययन (प्रथम प्रश्न-पत्र)	**234-250**
12.	यू.पी. पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2012	सामान्य अध्ययन (द्वितीय प्रश्न-पत्र)	**251–272**

यू.पी.पी.सी.एस.(प्रा.) परीक्षा, 2021

प्रथम प्रश्न-पत्र

परीक्षा तिथि - 24/10/2021

भारतीय इतिहास

प्राचीन इतिहास

1. निम्नलिखित में से कौन-सा एक युग्म सही सुमेलित नहीं है?

	(तीर्थंकर)		(निर्वाण स्थल)
(a)	ऋषभनाथ	–	अष्टापद
(b)	वासुपूज्य	–	सम्मेदशिखर
(c)	नेमिनाथ	–	ऊर्जयंत
(d)	महावीर	–	पावापुरी

उत्तर–(b)

वासुपूज्य जैनधर्म के 12वें तीर्थकर थे। इनके माता का नाम जया देवी तथा पिता का नाम वसुपूज्य (Vasupujya) था। इनके शरीर का वर्ण लाल और चिह्न भैंसा था। वासुपूज्य स्वामी का जन्म चम्पापुरी के इक्ष्वाकु वंश में कृष्णपक्ष की चतुर्दशी को हुआ था। चम्पापुरी में ही इनको निर्वाण प्राप्त हुआ था। जैन धर्म के 13वें तीर्थकर विमलनाथ थे। इनका निर्वाण स्थल सम्मेदशिखर था।

2. हड़प्पा सभ्यता का स्थल मांडी, भारत के किस राज्य में स्थित है?

(a) गुजरात (b) हरियाणा
(c) राजस्थान (d) उत्तर प्रदेश

उत्तर–(d)

जून, 2000 में उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले का एक गांव मांडी अचानक चर्चा में आ गया था। बघरा ब्लॉक में स्थित मांडी गांव में एक खेत में खुदाई के दौरान प्राचीन आभूषण, सिक्के, बर्तन आदि मिले थे। इन अवशेषों को हड़प्पा सभ्यता से जोड़कर देखा गया था।

3. सातवाहन शासकों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

1. सातवाहन नरेश प्राकृत भाषा के पोषक थे।

2. सातवाहन काल में कला के लोक पक्ष को अधिक प्रोत्साहन मिला।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर को चुनिए।

कूट :

(a) केवल 1 (b) 1 और 2 दोनों
(c) केवल 2 (d) न तो 1 न ही 2

उत्तर–(b)

सातवाहन शासकों की भाषा प्राकृत तथा लिपि ब्राह्मी थी। सातवाहन शासक हाल ने प्राकृत भाषा में शृंगार रस का मुक्त काव्य 'गाथा सप्तशती' लिखा था। सातवाहन काल में स्थापत्य तथा मूर्ति कला के उदाहरण प्राप्त हुए हैं, जो बौद्ध धर्म से संबंधित हैं।

मध्यकालीन इतिहास

4. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिसमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है -

अभिकथन (A) : मुगल साम्राज्य मूल रूप से एक सैनिक राज्य था।

कारण (R) : केंद्रीय शासन व्यवस्था के विकास की प्राणशक्ति उसकी सैनिक शक्ति पर निर्भर थी।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए।

कूट :

(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, किंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) सत्य है, किंतु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, किंतु (R) सत्य है।

उत्तर–(a)

यद्यपि यह विवाद का विषय है कि मुगल साम्राज्य एक सैनिक राज्य था, परंतु अधिकतर इतिहासकार यह मानते हैं कि लगभग सभी मनसबदारों को सैन्य दायित्व प्रदान किया गया था। साथ ही मुगलों के पास एक बड़ी सेना भी थी, जिसने मुगल साम्राज्य के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण में बड़ी भूमिका निभाई थी।

5. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही सुमेलित नहीं है?

	(शासक)		(राज्य)
(a)	राणा हमीर	–	मेवाड़
(b)	राणा चुंडा	–	मारवाड़
(c)	मलिक राजा फारुकी	–	खानदेश
(d)	मलिक सरवर ख्वाजा जहां	–	मालवा

उत्तर–(d)

जौनपुर सल्तनत उत्तर भारत में 1394 एवं 1479 ई. के मध्य एक स्वतंत्र इस्लामिक राज्य था। इस सल्तनत पर शर्की राजवंश का शासन था। इसकी स्थापना 1394 ई. में ख्वाजा-ए-जहां मलिक सरवर द्वारा की गई थी।

आधुनिक इतिहास

6. उस विदेशी पत्रकार का नाम बताइए, जिसने धरसना साल्ट वर्क्स पर सत्याग्रह के बारे में समाचार दिए–

(a) फ्रांसिस लुई (b) मार्क टुली
(c) वेब मिलर (d) फिलिप स्प्रेट

उत्तर–(c)

मई, 1930 में बंबई में अमेरिका के न्यू फ्रीमैन अखबार के पत्रकार वेब मिलर ने अपनी आंखों के सामने निहत्थे सत्याग्रहियों पर नृशंस अत्याचार का सजीव वर्णन किया है। सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान बंबई में धरसाना इस आंदोलन का प्रमुख केंद्र बन गया था। यहां पर 21 मई, 1930 को सरोजिनी नायडू, इमाम साहब एवं महात्मा गांधी के पुत्र मणिलाल के नेतृत्व में लगभग 2 हजार कार्यकर्ताओं ने धरसाना नमक कारखाने का घेराव किया। इन पर भीषण लाठी चार्च किया गया, जिस कारण दो सत्याग्रहियों की मृत्यु हो गई थी।

7. निम्नलिखित में से 1926 ई. में गठित 'नौजवान-सभा' का प्रारंभिक सदस्य कौन नहीं था?

(a) भगत सिंह (b) यशपाल
(c) छबील दास (d) अंबिका चक्रवर्ती

उत्तर—(d)

वर्ष 1926 में लाहौर (वर्तमान पाकिस्तान में) में सरदार भगत सिंह, छबील दास एवं यशपाल ने मिलकर नौजवान-सभा की स्थापना की थी। इसका उद्देश्य भारत में मजदूर एवं किसानों का राज्य स्थापित करना था।

8. निम्नलिखित विदेशी यात्रियों को उनके भारत आने के कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

I. विलियम हॉकिंस II. राल्फ फिच
III. सर थॉमस रो IV. निकोलस डाउंटन

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए।

कूट :

(a) II, I, IV एवं III (b) IV, II, I एवं III
(c) I, III, II एवं IV (d) III, II, IV एवं I

उत्तर—(a)

विलियम हॉकिंस इंग्लैंड का राजदूत था जो अगस्त, 1608 में सूरत पहुंचा था तथा अप्रैल, 1609 में मुगल शासक जहांगीर के दरबार में आगरा पहुंचा था। राल्फ फिच, भारत आने वाला पहला इंग्लिश यात्री था। वह 1583 ई. में आगरा पहुंचा था। सर थॉमस रो एक ब्रिटिश राजदूत था जो सितंबर, 1615 में जहांगीर के दरबार में आया था। निकोलस डाउंटन मार्च, 1615 में भारत आया था।

9. निम्न में से कौन एक 1924 के कानपुर षड्यंत्र मामले में शामिल नहीं था?

(a) मुजफ्फर अहमद (b) नलीनी गुप्ता
(c) शौकत उसमानी (d) एम.ए. अंसारी

उत्तर—(d)

कम्युनिस्ट आंदोलन की शक्ति एवं बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए कानपुर में एक षड्यंत्र को आधार बनाकर कुछ कम्युनिस्टों पर मुकदमा चलाया गया। यह मुकदमा 'कानपुर षड्यंत्र' के नाम से प्रसिद्ध है। इस मुकदमे में एम.एन. राय, श्रीपाद अमृत डांगे, मुजफ्फर अहमद, शौकत उसमानी, गुलाम शौकत हुसैन, रामचरण लाल शर्मा और सिंगार वेलू चेहियार अभियुक्त बनाए गए थे।

10. ''क्या आप मुझे एक भी स्वतंत्र देश दिखा सकते हैं जहां पृथक मताधिकार हो?.....अंग्रेज जा चुके हैं, परंतु वे शरारत छोड़ गए हैं।'' निम्नलिखित में से किसने उपर्युक्त वाक्य को संविधान सभा के बहस में कहा था?

(a) सोमनाथ लाहिड़ी (b) जवाहरलाल नेहरू
(c) सरदार वल्लभभाई पटेल (d) एन.जी. रंगा

उत्तर—(c)

13 दिसंबर, 1946 को पंडित जवाहरलाल नेहरू ने संविधान सभा के समक्ष 'उद्देश्य प्रस्ताव' पेश किया था। यह एक ऐतिहासिक प्रस्ताव था, जिसमें स्वतंत्र भारत के संविधान के मूल आदर्शों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई थी। उपर्युक्त अवसर पर बोलते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल ने कहा था,.....अंग्रेज तो चले गए, मगर जाते-जाते शरारत का बीज बो गए। हम इस शरारत को और नहीं बढ़ाना चाहते.....।

11. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए तथा उनको कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए -

I. शारदा अधिनियम II. नेहरू रिपोर्ट
III. साइमन कमीशन का गठन IV. डांडी मार्च

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए।

कूट :

(a) III, II, I तथा IV (b) I, II, III तथा IV
(c) IV, III, II तथा I (d) I, IV, II तथा III

उत्तर—(a)

घटना	**वर्ष**
शारदा अधिनियम	1929
नेहरू रिपोर्ट	1928
साइमन कमीशन का गठन	1927
डांडी मार्च	1930

अतः कालक्रमानुसार सही उत्तर III, II, I, IV होगा।

12. भारतीय इतिहास के संदर्भ में वायकोम सत्याग्रह के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह अस्पृश्यता और जातिगत भेदभाव के विरुद्ध एक सत्याग्रह था।
2. महात्मा गांधी ने इस सत्याग्रह में भाग लिया था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

कूट :

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 न ही 2

उत्तर—(c)

केरल के हिंदू समाज में अस्पृश्यता तथा जातिगत भेदभाव के विरुद्ध तत्कालीन त्रावणकोर (वर्तमान में केरल का अंग) में एक सामाजिक विरोध प्रदर्शन का आयोजन हुआ था, जिसे वायकोम सत्याग्रह (1924-25) नाम दिया गया। मार्च, 1925 में महात्मा गांधी ने वायकोम (केरल) पहुंचकर 'वायकोम सत्याग्रह' में भाग लिया था।

13. 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' का संस्थापक कौन था?

(a) जोनाथन डंकन (b) सर विलियम जोंस

(c) वारेन हेस्टिंग्स (d) विलियम बेंटिक

उत्तर—(b)

एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल की स्थापना 15 जनवरी, 1784 को सर विलियम जोंस द्वारा की गई थी। इसकी स्थापना का उद्देश्य ओरिएंटल स्टडीज को बढ़ावा देना था।

14. निम्नलिखित में से किसने कभी भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किसी भी अधिवेशन की अध्यक्षता नहीं की?

(a) लाला लाजपत राय (b) बाल गंगाधर तिलक

(c) गोपाल कृष्ण गोखले (d) सुभाष चंद्र बोस

उत्तर—(b)

गोपाल कृष्ण गोखले ने बनारस में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 21वें सत्र (1905); सुभाष चंद्र बोस ने वर्ष 1938 एवं 1939 में तथा लाला लाजपत राय ने वर्ष 1920 में कलकत्ता में आयोजित विशेष सत्र की अध्यक्षता की थी, बाल गंगाधर तिलक ने कांग्रेस की अध्यक्षता कभी नहीं की थी।

15. ब्रिटिश इंडिया के निम्नलिखित में से किस अधिनियम ने सामूहिक कार्यचालन के स्थान पर 'विभाग' या 'विभागीय' पद्धति द्वारा वायसराय की कार्यकारी परिषद पर उनके प्राधिकार को और अधिक बल प्रदान किया?

(a) भारतीय परिषद अधिनियम, 1861

(b) भारत सरकार अधिनियम, 1858

(c) भारतीय परिषद अधिनियम, 1892

(d) भारतीय परिषद अधिनियम, 1909

उत्तर—(a)

भारतीय परिषद अधिनियम, 1861 का निर्माण देश के प्रशासन में भारतीयों को शामिल करने के उद्देश्य हेतु किया गया था। इस अधिनियम ने कार्यकारी व विधायी उद्देश्य हेतु गवर्नर जनरल की परिषद की संरचना में बदलाव किया। यह प्रथम अवसर था, जब गवर्नर जनरल की परिषद के सदस्यों को अलग-अलग विभाग सौंपकर विभागीय प्रणाली की शुरुआत की गई।

16. राजा रंजीत सिंह ने किस स्थान पर अदालत-ए-आला की स्थापना की?

(a) अमृतसर (b) लाहौर

(c) फिरोजपुर (d) मुल्तान

उत्तर—(b)

रंजीत सिंह का राज्य चार प्रांतों—कश्मीर, मुल्तान, पेशावर और लाहौर में बंटा हुआ था। रंजीत सिंह की न्याय व्यवस्था कठोर थी। राज्य की सर्वोच्च अदालत का नाम अदालत-ए-आला थी। यह अदालत लाहौर में स्थित थी। रंजीत सिंह स्वयं इसके प्रधान न्यायाधीश थे।

भूगोल

भारत का भूगोल

17. एन.टी.पी.सी. की सिंगरौली स्थित इकाई के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. यह छत्तीसगढ़ राज्य के उत्तरी भाग में स्थित है?

2. यह एन.टी.पी.सी. की सबसे पुरानी इकाई है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर को चुनिए।

कूट :

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 न ही 2

उत्तर—(b)

एन.टी.पी.सी. (NTPC) की सिंगरौली स्थित ताप विद्युत इकाई की स्थापना वर्ष 1977 में की गई थी, जबकि इसका संचालन वर्ष 1982 से किया जा रहा है। यह NTPC की पहली इकाई है। सिंगरौली क्षेत्र दो राज्यों के दो जिलों में विस्तारित है अर्थात मध्य प्रदेश में सिधी तथा उत्तर प्रदेश में सोनभद्र। इस क्षेत्र में तीन सुपर ताप विद्युत परियोजनाएं हैं। सिंगरौली एवं रिहंद उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में तथा विंध्याचल संयंत्र मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में है।

18. निम्नलिखित में से कौन-सा कारण भारत के उत्तर-पश्चिम भाग में शीत ऋतु में होने वाली वर्षा के लिए उत्तरदायी है?

(a) मानसून की वापसी (b) चक्रवातीय अवदाब

(c) पश्चिमी विक्षोभ (d) दक्षिण-पश्चिम मानसून

उत्तर—(c)

शीतकाल में नवंबर से जनवरी तक भूमध्य सागर के शीतोष्ण चक्रवातों का भारत में आगमन होने के कारण वर्षा एवं तूफानी मौसम का आगमन होता है, इसे पछुआ विक्षोभ कहा जाता है। उत्तरी मैदानी भागों में पंजाब, हरियाणा से बिहार तक शीतकालीन वर्षा का यह प्रमुख कारण होता है। इससे रबी की फसल को लाभ होता है।

19. लौंग निम्नलिखित में से किसका निरूपण है?

(a) अंतस्थ कली (b) सहायक कली

(c) फूल कली (d) वनस्पति कली

उत्तर—(c)

लौंग का वैज्ञानिक नाम सीजीजियम एरोमेटिकम (Syzygium aromaticum) है तथा यह मिर्टेसी (Myrtaceae) कुल का पौधा है। यह मध्य कद वाले सदाबहार वृक्ष की सूखी हुई पुष्प कलिका है, जिसे भारत में मसाला एवं औषधि के रूप में प्रयोग किया जाता है। विश्व में इंडोनेशिया लौंग का सबसे बड़ा उत्पादक देश है, जबकि भारत में तमिलनाडु लौंग का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। उसके बाद क्रमशः कर्नाटक एवं केरल का स्थान आता है।

20. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कोको का प्रमुख उत्पादक देश नहीं है?

(a) लातविया (b) कैमरून

(c) घाना (d) आइवरी कोस्ट

उत्तर—(a)

कोको बींस का उत्पादन कोकोआ वृक्ष से होता है, जिसे सुखाकर चॉकलेट बनाया जाता है। इसके अतिरिक्त इसके तेल का इस्तेमाल त्वचा एवं बालों में लगाने तथा खाना बनाने के लिए भी किया जाता है। विश्व में कोको के तीन सबसे बड़े उत्पादक देशों में आइवरी कोस्ट, घाना एवं इंडोनेशिया हैं। कैमरून भी कोको का एक बड़ा उत्पादक देश है। विकल्प में लातविया ऐसा देश है, जो कोको का कम उत्पादन करता है।

21. भारतवर्ष में खारे पानी की सबसे बड़ी झील है—

(a) चिल्का (b) सांभर

(c) लोनार (d) वुल्लर

उत्तर—(b)

भारत में खारे पानी की सबसे बड़ी लैगून झील चिल्का झील (ओडिशा) है, जिसका क्षेत्रफल 1100 किमी. से ज्यादा है; जबकि सांभर झील (राजस्थान) देश की सबसे बड़ी अंतर्देशीय खारे पानी की झील है। उपर्युक्त दोनों झील रामसर सूची के अंतर्गत शामिल हैं।

22. निम्नलिखित में से भारत के पूर्वी तट पर स्थित सबसे बड़ी लैगून झील कौन-सी है?

(a) पुलीकट (b) चिल्का

(c) कुलेरु (d) किलीवेली

उत्तर—(b)

पुलीकट झील चिल्का झील के बाद देश की दूसरी सबसे बड़ी खारे पानी की झील (Backish Water) है। यह झील आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु राज्यों की सीमा पर श्रीहरिकोटा के बैरिकेड द्वीप पर स्थित है। चिल्का झील पूर्वी तट पर स्थित भारत की सबसे बड़ी झील है। यह ओडिशा राज्य में अवस्थित है। **कुलेरु झील**—यह ताजे पानी की झील है, जो गोदावरी एवं कृष्णा नदियों के बीच अवस्थित है। आंध्र प्रदेश राज्य में स्थित यह एक रामसर स्थल भी है। **किलीवेली झील**—तमिलनाडु में स्थित किलीवेली झील पुलीकट झील के बाद दक्षिण भारत की दूसरी बड़ी खारे पानी की झील है। फरवरी, 2021 में सरकार ने इस झील को पक्षी अभयारण्य के रूप में अधिसूचित किया है।

23. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?

(a) हुंडरु प्रपात – सुवर्णरेखा नदी

(b) चचाई प्रपात – बीहड नदी

(c) धुआंधार प्रपात – नर्मदा नदी

(d) बूढ़ा घाघ प्रपात – कांची नदी

उत्तर—(d)

बूढ़ा घाघ प्रपात को लोध प्रपात के नाम से भी जाना जाता है। यह झारखंड के लातेहर जिले में स्थित है। यहां बूढ़ा नदी का पानी 468 फीट की ऊंचाई से सुंदर मनोरम दृश्य बनाता है।

24. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए।

सूची-I (खनिज अन्वेषण अभिकरण)	**सूची-II (मुख्यालय)**
A. तेल व प्राकृतिक गैस आयोग	**1. भुवनेश्वर**
B. खनिज अन्वेषण निगम लिमिटेड	**2. हैदराबाद**
C. राष्ट्रीय खनिज विकास निगम	**3. नागपुर**
D. राष्ट्रीय एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड	**4. नई दिल्ली**

कूट :

	A	B	C	D
(a)	4	2	3	1
(b)	1	2	4	3
(c)	4	3	2	1
(d)	2	3	4	1

उत्तर—(c)

सही सुमेलन निम्नवत है –

खनिज अन्वेषण अभिकरण	**मुख्यालय**
तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग (वर्तमान में तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लि.)	नई दिल्ली
खनिज अन्वेषण निगम लिमिटेड	नागपुर
राष्ट्रीय खनिज विकास निगम	हैदराबाद
राष्ट्रीय एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड	भुवनेश्वर

25. निम्नलिखित में से कौन-सी एक नदी भारतीय गंगा नदी बेसिन का हिस्सा नहीं है?

(a) पुनपुन नदी (b) अजय नदी

(c) जलांगी नदी (d) जोंक नदी

उत्तर—(d)

जोंक नदी महानदी की सहायक नदी है, जो भारत के ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ राज्यों से होकर प्रवाहित होती है।

26. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए।

सूची-I (भारत के राज्य)	**सूची-II (सबसे ऊंची चोटी)**
A. तमिलनाडु	**1. धूपगढ़ चोटी**
B. राजस्थान	**2. सारामती चोटी**
C. नगालैंड	**3. गुरुशिखर चोटी**
D. मध्य प्रदेश	**4. डोडा बेट्टा चोटी**

कूट :

	A	B	C	D
(a)	3	2	1	4
(b)	1	4	3	2
(c)	4	2	3	1
(d)	4	3	2	1

उत्तर—(d)

सही सुमेलन निम्नवत है –

सूची-I (भारत के राज्य)	सूची-II (सबसे ऊंची चोटी)
तमिलनाडु	डोडा बेट्टा
राजस्थान	गुरुशिखर
नगालैंड	सारामती
मध्य प्रदेश	धूपगढ़

27. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिसमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है -

अभिकथन (A) : तीस्ता नदी पहले गंगा की सहायक नदी थी, आजकल वह ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी है।

कारण (R) : नदी अपहरण हिमालय की नदियों का एक प्रमुख गुण है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए।

कूट :

(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, किंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) (A) सत्य है, किंतु (R) गलत है।

(d) (A) गलत है, किंतु (R) सत्य है।

उत्तर–(a)

ऐतिहासिक रूप से तीस्ता नदी गंगा नदी प्रणाली का अंग थी और तीन अलग-अलग नदियों यथा करातोया, पूर्णभाभा तथा अतराई (त्रिसरोता) के रूप में जलपाईगुड़ी (पश्चिम बंगाल) से दक्षिण की ओर प्रवाहित होती थी। हालांकि 1787 ई. में आई बाढ़ के पश्चात इसने अपना मार्ग बदल लिया और दक्षिण-पूर्व की ओर विस्थापित होकर ब्रह्मपुत्र नदी प्रणाली में शामिल हो गई। नदी अपहरण हिमालय की नदियों का एक प्रमुख गुण है। यह एक प्राकृतिक प्रक्रम है, जिसके द्वारा एक प्रबल नदी अपने शीर्ष की ओर अधिक अपरदन करके अपने समीप प्रवाहित होने वाली अन्य नदी के जल को अपनी धारा में मिला लेती है।

विश्व का भूगोल

28. निम्न में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(स्थान)		(जनजाति)
(a) अलास्का	–	कोरयाक
(b) बोर्नियो	–	पुनान
(c) अरब मरुस्थल	–	रुवाला
(d) स्वीडन तथा फिनलैंड	–	लैप्स

उत्तर–(a)

कोरयाक जनजाति अलास्का की नहीं, वरन रूस की जनजाति है; जिनकी कुछ आबादी यूक्रेन में भी पाई जाती है। 2010 की रूसी जनगणना के अनुसार, इनकी कुल आबादी 7953 थी।

29. मेकांग नदी के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. मेकांग का उद्गम तिब्बत के पठार से है।

2. मेकांग का डेल्टा दक्षिण कंबोडिया में स्थित है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए।

कूट :

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 न ही 2

उत्तर–(a)

मेकांग डेल्टा कंबोडिया और दक्षिणी वियतनाम में स्थित है, जहां मेकांग नदी दक्षिण चीन सागर तक पहुंचती है। यह नदी तिब्बत के पठार से निकलती है। 3000 मील प्रवाहित होकर दक्षिण चीन सागर में गिरती है। यह नदी 6 देशों चीन, म्यांमार, लाओस, थाईलैंड, कंबोडिया तथा वियतनाम से होकर प्रवाहित होती है। यह म्यांमार-लाओस तथा लाओस-थाईलैंड के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा भी बनाती है।

30. निम्नलिखित में से कौन-सा एक युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(स्थानीय पवनों का नाम)		(स्थान)
(a) लेवेश	–	स्पेन
(b) ब्रिकफिल्डर	–	ऑस्ट्रेलिया
(c) ब्लैक रोलर	–	उत्तरी अमेरिका
(d) शामल	–	ऑस्ट्रिया

उत्तर–(d)

शामल जून एवं जुलाई महीने में प्रवाहित होने वाली एक गर्म, शुष्क एवं धूल भरी हवा है, जो इराक, ईरान और अरब प्रायद्वीप में उत्तर या उत्तर-पश्चिम में प्रवाहित होती है। इसकी गति 50 किमी. प्रति घंटा तक होती है।

31. नोबी और कांतो मैदान निम्नलिखित में से किस देश में स्थित हैं?

(a) उत्तर कोरिया (b) दक्षिण कोरिया

(c) जापान (d) चीन

उत्तर–(c)

नोबी–यह जापान में 1800 वर्ग किलोमीटर में फैला मैदान है, जो इबी, किसो एवं नागरा नदियों द्वारा लाए गए जलोढ़ मृदा से निर्मित है।
कांतो–यह जापान का सबसे बड़ा मैदानी क्षेत्र है, जो मध्य होंशु के कांतो क्षेत्र में 17000 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है।

32. इंडोनेशिया के द्वीप समूहों में पश्चिम से पूरब दिशा की ओर सही क्रम निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(a) जावा, सुमात्रा, लोमबोक, बाली

(b) सुमात्रा, जावा, बाली, लोमबोक

(c) सुमात्रा, जावा, लोमबोक, बाली

(d) बाली, सुमात्रा, जावा, लोमबोक

उत्तर–(b)

इंडोनेशिया द्वीपसमूह में पश्चिम से पूरब दिशा की ओर आने वाले प्रमुख द्वीप हैं–सुमात्रा, जावा, बाली तथा लोमबोक।

33. निम्नलिखित में से कौन-सा देश काला सागर के तट पर स्थित नहीं है?

(a) सीरिया (b) टर्की (c) जॉर्जिया (d) बुल्गारिया

उत्तर—(a)

काला सागर (Black Sea) के उत्तरी तट पर यूक्रेन; पूर्वोत्तर में रूस; पूर्व में जॉर्जिया; दक्षिण में तुर्की और पश्चिम में बुल्गारिया एवं रोमानिया स्थित हैं।

34. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए।

सूची-I (ज्वालामुखी पर्वत)		**सूची-II (देश)**
A. माउंट रेनर	**1.**	**इटली**
B. माउंट एटना	**2.**	**मेक्सिको**
C. माउंट पेरिकुटीन	**3.**	**फिलीपींस**
D. माउंट एपो	**4.**	**यू.एस.ए.**

कूट :

	A	B	C	D
(a)	4	2	1	3
(b)	4	1	2	3
(c)	2	1	4	3
(d)	4	3	2	1

उत्तर—(b)

सही सुमेलन निम्नवत है—

ज्वालामुखी पर्वत	**देश**
माउंट रेनर	यू.एस.ए.
माउंट एटना	इटली
माउंट पेरिकुटीन	मेक्सिको
माउंट एपो	फिलीपींस

35. निम्नलिखित में से कौन-सा द्वीप कैरेबियन सागर में अवस्थित नहीं है?

(a) ग्रेनाडा (b) मोंटसेराट (c) मडीरा (d) ऐंगुइला

उत्तर—(c)

मडीरा पुर्तगाल के दो स्वायत्त क्षेत्रों में से एक है। यह उत्तरी अटलांटिक महासागर में स्थित एक द्वीपसमूह है।

पर्यावरण

36. 'विश्व ओजोन दिवस' मनाया जाता है—

(a) 25 दिसंबर को (b) 21 अप्रैल को

(c) 16 सितंबर को (d) 30 जनवरी को

उत्तर—(c)

वर्ष 1994 को संयुक्त राष्ट्र जनरल असेंबली ने प्रतिवर्ष 16 सितंबर को विश्व ओजोन दिवस मनाए जाने का संकल्प पारित किया। इसी तारीख को वर्ष 1987 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किया गया था, जो विश्व में सबसे ज्यादा देशों द्वारा हस्ताक्षरित प्रोटोकॉल है। वर्ष 2021 की विश्व ओजोन दिवस की थीम थी—मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल कीपिंग अस, अवर फूड एंड वैक्सीन कूल (Montreal Protocol Keeping us, our food and vaccines cool).

37. 'कार्बन क्रेडिट' की अवधारणा उत्पन्न हुई—

(a) अर्थ समिट, रियो-डे-जेनिरो

(b) क्योटो प्रोटोकॉल

(c) मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल

(d) जी-8 समिट, हैलीजेंडम

उत्तर—(b)

जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र के अंतर-सरकारी पैनल (IPCC) ने क्योटो प्रोटोकॉल (1997) में दुनिया भर में कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए एक कार्बन क्रेडिट प्रस्ताव विकसित किया। क्योटो प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर करने वाले के लिए यह बाध्यकारी प्रावधान था। कार्बन क्रेडिट एक परमिट है, जो कंपनी को कार्बन डाइऑक्साइड या अन्य ग्रीन हाउस गैसों की एक निश्चित मात्रा का उत्सर्जन करने की अनुमति देता है। एक क्रेडिट एक टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर द्रव्यमान के उत्सर्जन की अनुमति देता है।

38. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिसमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है -

अभिकथन (A) : पारिस्थितिकीय-तंत्र के विविध अवयव आपस में एक-दूसरे पर निर्भर नहीं हैं।

कारण (R) : मानव क्रियाओं से वातावरण प्रभावित होता है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए।

कूट :

(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, किंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) (A) सत्य हैं, किंतु (R) गलत है।

(d) (A) गलत है, किंतु (R) सत्य है।

उत्तर—(d)

एक पारिस्थितिकीय तंत्र में सभी जीव एक-दूसरे पर निर्भर करते हैं। यदि किसी एक जीव की जनसंख्या बढ़ती या घटती है, तो यह शेष पारितंत्र को प्रभावित करती है। जैसे- यदि खाद्य शृंखला में मेंढक पूर्णतः समाप्त हो जाएं, तो एक तरफ जलीय कीट-पतंगें बढ़ेंगे वहीं भोजन के लिए मेंढक पर आश्रित मछलियों की संख्या भी घटेगी।

39. 2050 के लिए 'नेट-जीरो' लक्ष्य के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/ हैं?

1. इसका अभिप्राय है कि देश को 2050 तक उसके उत्सर्जन को शून्य तक नीचे लाना होगा।

2. इसका अभिप्राय है कि किसी देश के उत्सर्जन की क्षतिपूर्ति वातावरण से ग्रीन हाउस गैसों का निराकरण तथा अवशोषण से होगी।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए।

कूट :

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 न ही 2

उत्तर—(b)

'नेट-जीरो' का तात्पर्य उत्पादित ग्रीन हाउस गैस की मात्रा और वातावरण से अवशोषित की गई गैस की मात्रा के बीच संतुलन होना है। वैश्विक ऊष्मन को 2050 तक 1.5 डिग्री सेल्सियस वृद्धि तक सीमित करने हेतु विश्व के वैज्ञानिकों ने 'नेट-जीरो 2050' की अवधारणा विकसित की है। वर्ष 2015 पेरिस पर्यावरण सम्मेलन में यह लक्ष्य तय किया गया। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) द्वारा ऊर्जा क्षेत्र को वर्ष 2050 तक 'नेट जीरो' पहुंचाने हेतु रोडमैप तैयार किया गया है। भूटान वर्तमान में कार्बन निगेटिव वाला देश है और वर्ष 2050 तक कार्बन न्यूट्रल होने का लक्ष्य रखा है। इसके अतिरिक्त ऑस्ट्रिया ने वर्ष 2040 तक, अर्जेंटीना ने वर्ष 2050 तक, चीन ने वर्ष 2060 तक तथा भारत ने वर्ष 2070 तक 'नेट जीरो' प्राप्ति का लक्ष्य रखा है।

40. फ्लाईऐश प्रदूषण होता है—

(a) तेल शोधन से (b) उर्वरक उद्योग से
(c) ताप विद्युत संयंत्र से (d) खनन से

उत्तर—(c)

फ्लाईऐश वायु एवं जल प्रदूषण का एक प्रमुख कारक है। कोयला एवं लिग्नाइट पर आधारित ताप विद्युत संयंत्र इसके प्रमुख स्रोत हैं। 22 अप्रैल, 2021 को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित किया गया था कि सभी ताप विद्युत संयंत्र फ्लाईऐश का पर्यावरण अनुकूल तरीके से उनके द्वारा उत्पन्न राख (फ्लाईऐश) का 100 प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करें।

41. वायुमंडल में प्रकाश के प्रसार का कारण है—

(a) कार्बन डाइऑक्साइड (b) धूल कण
(c) हीलियम (d) जल वाष्प

उत्तर—(b)

वायुमंडल में वायु की गति के कारण सूक्ष्म धूल के कण उड़ते रहते हैं। ये धूल कण सूर्योदय एवं सूर्यास्त के समय आकाश में लाल एवं नारंगी रंग की छटाओं का निर्माण करते हैं। आकाश का नीला रंग धूल के कणों के कारण ही दिखाई देता है।

42. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए -

सूची-I (जैवमंडल)		**सूची-II (अवस्थिति)**
A. सिमिलीपाल		**1. उत्तराखंड**
B. पचमढ़ी		**2. मेघालय**
C. नंदादेवी		**3. मध्य प्रदेश**
D. नोकरेक		**4. ओडिशा**

कूट :

	A	B	C	D
(a)	4	3	2	1
(b)	4	3	1	2
(c)	1	3	4	2
(d)	3	4	1	2

उत्तर—(b)

सही सुमेलन निम्नवत है:—

सूची-I	**सूची-II**
जैवमंडल अभयारण्य	**अवस्थिति**
सिमिलीपाल	ओडिशा
पचमढ़ी	मध्य प्रदेश
नंदादेवी	उत्तराखंड
नोकरेक	मेघालय

43. एक अनवीनीकृत ऊर्जा का स्रोत है—

(a) सौर ऊर्जा (b) पेट्रोलियम
(c) वायु ऊर्जा (d) बायोगैस

उत्तर—(b)

कच्चा तेल, कोयला तथा प्राकृतिक गैस आदि ऊर्जा के अनवीकरणीय स्रोत हैं। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, बायोगैस आदि नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत हैं।

44. 'रिंगेलमेन स्केल' का प्रयोग निम्नलिखित में से किसके घनत्व मापन में होता है?

(a) धुआं (b) प्रदूषित जल
(c) कोहरा (d) ध्वनि

उत्तर—(a)

रिंगेलमेन स्केल धुएं के अवास्तविक घनत्व या अपारदर्शिता (opacity) के मापन का एक पैमाना है।

45. निम्नलिखित में से किस वर्ष में भारत सरकार द्वारा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम पारित किया गया?

(a) 1982 (b) 1986
(c) 1990 (d) 1992

उत्तर—(b)

वर्ष 1986 में पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम लागू किया गया। इसका उद्देश्य पर्यावरण का संरक्षण एवं उसमें सुधार करना है।

46. इकोमार्क (ECOMARC) प्रतीक निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(a) सर्वोच्च गुणवत्ता की सामग्री से
(b) पर्यावरण के लिए सुरक्षित सामग्री से
(c) निर्यातित सामग्री से
(d) आयातित सामग्री से

उत्तर—(b)

भारत सरकार द्वारा पर्यावरण अनुकूल उत्पादों के वर्गीकरण के लिए इकोमार्क (EcoMark) योजना शुरू की गई है। यह योजना भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रशासित है।

47. भारत में आपदा प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन डिवीजन गृह मंत्रालय में एक नोडल डिवीजन है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का पदेन अध्यक्ष कौन है?

(a) प्रधानमंत्री
(b) गृह मंत्री

(c) रक्षा मंत्री

(d) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री

उत्तर—(a)

भारत के प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में 'राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण' भारत में आपदा प्रबंधन के लिए शीर्ष निकाय है।

विज्ञान

भौतिक विज्ञान

48. निम्नलिखित में से कांच का कौन-सा प्रकार पराबैंगनी किरणों को काटता है?

(a) सोडा कांच (b) पायरेक्स कांच

(c) जेना कांच (d) क्रुक्स कांच

उत्तर—(d)

क्रुक्स कांच (Crookes glass) एक विशेष प्रकार का कांच होता है, जिसमें सेरियम ऑक्साइड होता है और यह सूर्य की पराबैंगनी किरणों को काटने में सक्षम होता है और इस प्रकार धूप का चश्मा बनाने के लिए इसका उपयोग किया जाता है।

49. विद्युत विभव के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह एक अदिश राशि है।

2. यह एक सदिश राशि है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए।

कूट :

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 न ही 2

उत्तर—(a)

किसी बिंदु पर विद्युत विभव को प्रायः एक धन आवेश को अनंत से उस बिंदु तक लाने में किए गए कार्य के रूप में परिभाषित किया जाता है। विद्युत विभव का SI मात्रक जूल/कूलॉम है। विद्युत विभव एक अदिश राशि है, जबकि विद्युत क्षेत्र एक सदिश राशि है।

रसायन विज्ञान

50. निम्न में से कौन-सा एल.पी.जी. का मुख्य अवयव है?

(a) हेक्सेन (b) पेंटेन

(c) ब्यूटेन (d) मीथेन

उत्तर—(c)

ब्यूटेन एवं प्रोपेन तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (LPG) के मुख्य अवयव हैं। तरलीकृत पेट्रोलियम गैस हाइड्रोकार्बन गैसों का एक ज्वलनशील मिश्रण है। इसका उपयोग खाना बनाने, रोशनी पैदा करने तथा वाहनों में ईंधन के रूप में किया जाता है। एल.पी.जी. को अपेक्षाकृत कम दाब पर द्रव में संपीडित किया जाता है।

51. निम्नलिखित में से किस कण पर शून्य आवेश होता है?

(a) पॉजीट्रॉन (b) न्यूट्रिनो

(c) इलेक्ट्रॉन (d) अल्फा-कण

उत्तर—(b)

एक न्यूट्रिनो एक उप-परमाणु कण है, जो एक इलेक्ट्रॉन के समान होता है। इसमें कोई विद्युत आवेश नहीं होता एवं बहुत कम द्रव्यमान होता है। न्यूट्रिनो ब्रह्मांड में सबसे प्रचुर मात्रा में पाए जाने वाले कणों में से एक है।

52. नाइट्रोजन एक आवश्यक अवयव नहीं है—

(a) क्लोरोफिल का (b) आर.एन.ए. का

(c) डी.एन.ए. का (d) कार्बोहाइड्रेट का

उत्तर—(d)

पृथ्वी पर सबसे प्रचुर मात्रा में उपस्थित जैव अणु कार्बोहाइड्रेट है। रासायनिक दृष्टिकोण से यह कार्बन और पानी का एक संयोजन है। हालांकि सभी कार्बोहाइड्रेट में कार्बन, हाइड्रोजन और ऑक्सीजन होते हैं किंतु कुछ ऐसे भी कार्बोहाइड्रेट हैं, जिनमें नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और सल्फर भी पाया जाता है।

53. खीरे को काटकर यदि नमक डाला जाता है, तो निम्न में से किसके कारण पानी निकलता है?

(a) सक्रिय परिवहन (b) निष्क्रिय परिवहन

(c) परासरण (d) प्रसार

उत्तर—(c)

अगर हम खीरे को काटने के बाद उस पर नमक छिड़कते हैं, तो परासरण की प्रक्रिया के कारण यह कुछ समय बाद पानी छोड़ता है। परासरण प्रक्रिया में नमक उच्च सांद्रता से निम्न सांद्रता की ओर जाता है।

54. रेडियोधर्मिता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. रेडियोधर्मिता एक नाभिकीय गुण है।

2. नाभिकीय विखंडन के सिद्धांत पर हाइड्रोजन बम बनाया जाता है।

नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए।

कूट :

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 न ही 2

उत्तर—(a)

रेडियोधर्मिता पद का प्रयोग एक ऐसी प्राकृतिक प्रक्रिया को व्यक्त करने में किया जाता है, जिसमें परमाणु कणों एवं ऊर्जा का उत्सर्जन कर स्वाभाविक रूप से टूट जाते हैं और अधिक स्थायी परमाणु में परिवर्तित हो जाते हैं। इस प्रक्रिया को 'रेडियोएक्टिव क्षय' भी कहते हैं। वास्तव में यह एक 'व्यक्तिगत परमाणु नाभिक' (individual atomic nuclei) का गुण है। हाइड्रोजन बम नाभिकीय संलयन (Nuclear fusion) के सिद्धांत पर कार्य करता है।

55. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?

(a) सिरका में उपस्थित अम्ल – एसीटिक अम्ल

(b) हड्डियों में उपस्थित यौगिक – कैल्शियम फॉस्फेट

(c) दूध का खट्टा होना — नाइट्रिक अम्ल
(d) आमाशय रस में उपस्थित अम्ल — हाइड्रोक्लोरिक अम्ल

उत्तर—(c)

दूध में लैक्टोज नामक शर्करा उपस्थित होती है। दूध में खट्टापन लैक्टिक अम्ल के कारण होता है।

जीव विज्ञान

56. रक्त में शर्करा का स्तर सामान्यतया प्रदर्शित किया जाता है—
(a) एमएम ऑफ Hg के रूप में
(b) मिलीग्राम प्रति डेसीलीटर के रूप में
(c) पार्ट्स प्रति मिलियन के रूप में
(d) ग्राम प्रति लीटर के रूप में

उत्तर—(b)

रक्त शर्करा का स्तर आमतौर पर मिलीग्राम प्रति डेसीलीटर के रूप में व्यक्त किया जाता है, जबकि ग्राम प्रति लीटर का उपयोग द्रव्यमान सांद्रता के मापन हेतु किया जाता है। पीपीएम (पार्ट्स प्रति मिलियन) का उपयोग एक संदूषक (मिट्टी, छोटे कण आदि) की सांद्रता को मापने हेतु किया जाता है। एमएम ऑफ Hg का उपयोग शरीर में तरल पदार्थों के दबाव को मापने में किया जाता है।

57. रक्त में निम्नलिखित में से किसकी उपस्थिति के कारण 'ब्लू बेबी सिंड्रोम' होता है?
(a) हीमोग्लोबिन (b) मिथेमोग्लोबिन
(c) लेड (d) नाइट्रेट

उत्तर—(b)

ब्लू बेबी सिंड्रोम शरीर में ऑक्सीजन के परिवहन में रक्त की क्षमता के घटने का परिणाम होता है। पेय जल में नाइट्रेट की अधिकता इसका सबसे प्रमुख कारण है। मुख्य रूप से नवजात शिशु इस रोग से प्रभावित होते हैं। शिशु का शरीर नाइट्रेट को नाइट्राइट में बदल देता है। ये नाइट्राइट लाल रक्त कणिकाओं में उपस्थित हीमोग्लोबिन से अभिक्रिया करके मिथेमोग्लोबिन का निर्माण करते हैं। मिथेमोग्लोबिन की अधिकता से शरीर की कोशिकाओं को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन प्राप्त नहीं होती और यही स्थिति ब्लू बेबी सिंड्रोम है।

58. बॉटुलिज्म है—
(a) भोज्य-पदार्थ से होने वाला संक्रमण
(b) भोज्य-पदार्थ से होने वाला विषैलापन
(c) जल-जनित संक्रमण
(d) जल-जनित विषैलापन

उत्तर—(b)

खाद्य जनित बॉटुलिज्म एक गंभीर बीमारी है। यह आमतौर पर दूषित खाद्य पदार्थों में बनने वाले शक्तिशाली न्यूरोटॉक्सिन, बॉटुलिनम विषाक्त पदार्थों के अंतर्ग्रहण से होता है। बॉटुलिज्म विषाक्तता के 7 प्रकार हैं, जो ए(A) से जी(G) तक हैं, जिनमें A, B, E एवं F मानव में बॉटुलिज्म का कारण बनते हैं। शेष तीन अन्य स्तनधारियों एवं पक्षियों में बॉटुलिज्म का कारण बनते हैं।

59. निम्नलिखित में से कौन-सा वायु प्रदूषण का सूचक है?
(a) पफबॉल्स (b) शैवाल
(c) लाइकेन (d) मॉस

उत्तर—(*)

लाइकेन एवं मॉस दोनों वायु प्रदूषण के महत्वपूर्ण सूचक हैं। यदि वातावरण में सल्फर डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ जाती है, तो लाइकेन समाप्त होने लगते हैं। लाइकेन कवक एवं शैवाल प्रजाति के हैं, जो पेड़ों के तने एवं चट्टानों पर पाए जाते हैं। मॉस भी लाइकेन की भांति ही होते हैं, जो चट्टानों एवं पेड़ों की सतहों पर पाए जाते हैं। वातावरण में नाइट्रोजन की मात्रा में वृद्धि होने पर मॉस समाप्त या कम होने लगते हैं।
नोट- उ.प्र. लोक सेवा आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (c) दिया है।

60. राइबोफ्लेविन की कमी से निम्न में से कौन-सा रोग होता है?
(a) पेलाग्रा (b) स्कर्वी
(c) बेरी बेरी (d) चेईलोसिस

उत्तर—(d)

राइबोफ्लेविन (विटामिन B_2) की कमी तंत्रिका संबंधी बीमारियों, एनीमिया और हृदय रोगों से जुड़ी है। इसकी कमी से चेईलोसिस रोग होता है, जिसमें होंठ फटने की समस्या सामान्य होती है।

61. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?
(a) विटामिन-A — संतरा
(b) विटामिन-C — नींबू
(c) विटामिन-D — काड मछली का तेल
(d) विटामिन-B_6 — धान का चोकर

उत्तर—(a)

संतरा पोषण का एक महत्वपूर्ण स्रोत है, इसमें बड़ी मात्रा में विटामिन सी (Vitamin-C), फोलेट, कैल्शियम आदि प्राप्त होता है।

62. निम्नलिखित में से कौन-सा रोग मच्छर वाहित नहीं है?
(a) डेंगू ज्वर (b) फाइलेरियासिस
(c) निद्रा रोग (d) मलेरिया

उत्तर—(c)

निद्रा रोग सीसी मक्खी (Tsetse fly) के द्वारा वाहित है, परंतु इसका कारक प्रोटोजोआ होता है। डेंगू, मलेरिया एवं फाइलेरियासिस के वाहक मच्छर होते हैं।

63. निम्नलिखित में से किस कुल के पौधे से टापा कपड़ा बनाया जाता है?
(a) एस्किलीपिएडेसी (b) मोरेसी
(c) ग्रेमीनी (d) माल्वेसी

उत्तर—(b)

टापा कपड़ा बनाने हेतु शहतूत परिवार (मोरेसी) के पौधों की आंतरिक छाल का उपयोग किया जाता है। इसके अतिरिक्त ब्रेडफ्रूट एवं ममाकी का भी उपयोग किया जाता है। टापा वस्त्र प्रशांत महासागर के द्वीपों में मुख्य रूप से टोंगा, समोआ और फिजी में बना एक बार्कक्लोथ है। टंप शब्द ताहिती और कुक द्वीप से है, जहां कैप्टन कुक इसे इकट्ठा करने वाले और बाकी दुनिया से परिचित कराने वाले प्रथम यूरोपीय थे।

64. फेफड़ों में गैसीय विनिमय का स्थल है–

(a) ट्रैकियोल्स (b) ब्रांकियोल्स

(c) पल्मोनरी शिराएं (d) अल्वियोलाई

उत्तर–(d)

गैस विनिमय के दौरान ऑक्सीजन फेफड़ों से रक्तनली में चली जाती है। उसी समय कार्बन डाइऑक्साइड रक्त से फेफड़ों तक जाती है। यह प्रक्रिया फेफड़े में स्थित एल्वियोली (Alveoli) एवं सूक्ष्म रक्त वाहिकाओं के नेटवर्क के बीच संपन्न होती है।

65. सामान्य दृष्टि के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा विटामिन आवश्यक होता है?

(a) फोलिक अम्ल (b) राइबोफ्लेविन

(c) नियासिन (d) रेटिनॉल

उत्तर–(d)

विटामिन-A का रासायनिक नाम रेटिनॉल है। यह विटामिन नेत्र ज्योति के लिए आवश्यक पोषक तत्व है। रतौंधी (Night Blindness) रोग विटामिन-A की कमी से होता है।

66. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिसमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है -

अभिकथन (A) : मानव शरीर अपने लिए आवश्यक सभी विटामिनों का संश्लेषण कर लेता है।

कारण (R) : शरीर के उचित विकास के लिए विटामिन अनिवार्य होते हैं। नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए।

कूट :

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, किंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) (A) सत्य है, किंतु (R) गलत है।

(d) (A) गलत है, किंतु (R) सत्य है।

उत्तर–(d)

अधिकांश विटामिन मानव शरीर में संश्लेषित नहीं किए जाते हैं और इसलिए उन्हें पर्याप्त मात्रा में भोजन द्वारा ग्रहण किए जाने की आवश्यकता होती है। स्पष्ट है अभिकथन (A) असत्य है, जबकि कारण (R) सत्य है।

67. शीत प्रकोष्ठ में फल भंडारण दीर्घ भंडारण जीवन देता है, क्योंकि–

(a) सूर्य के प्रकाश का संसर्ग मना होता है

(b) वातावरण में बढ़ती CO_2 सांद्रता

(c) श्वसन दर का ह्रास

(d) आर्द्रता का बढ़ना

उत्तर–(c)

किसी वस्तु का भंडारण काल (storage life) उसकी श्वसन प्रक्रिया से प्रभावित होता है। किसी वस्तु को निम्न तापमान पर संग्रहीत करने पर श्वसन दर घट जाती है तथा उसका संग्रहण काल बढ़ जाता है। वस्तु के आस-पास ऑक्सीजन एवं कार्बन डाइऑक्साइड की सांद्रताओं पर पर्याप्त नियंत्रण भी श्वसन दर को घटाने में प्रभावी होता है।

राजव्यवस्था

68. भारत के राष्ट्रपति के विशेष अभिभाषण के संदर्भ में निम्नांकित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. राष्ट्रपति, लोक सभा के साधारण निर्वाचन के पश्चात प्रथम सत्र और प्रत्येक वर्ष के प्रथम सत्र के आरंभ में संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करता है।

2. राष्ट्रपति अपने अभिभाषण में संसद को उसके आह्वान के कारणों के विषय में सूचित करता है।

सही उत्तर का चयन, नीचे दिए गए कूट की सहायता से कीजिए।

कूट :

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 न ही 2

उत्तर–(c)

संविधान के अनुच्छेद 87(1) के तहत ''लोक सभा के प्रत्येक आम चुनाव के उपरांत पहले सत्र के प्रारंभ में और प्रत्येक वर्ष के पहले सत्र के प्रारंभ में राष्ट्रपति संसद के दोनों सदनों को एक साथ संबोधित करेंगे तथा संसद को उसके सम्मन के कारणों से अवगत कराएंगे।''

69. भारतीय संविधान के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा मौलिक कर्तव्य नहीं है?

(a) आम चुनावों में मतदान

(b) वैज्ञानिक दृष्टिकोण की भावना का विकास

(c) सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा

(d) संविधान का पालन तथा इसके आदर्शों का सम्मान

उत्तर–(a)

हमारे संविधान में मौलिक कर्तव्यों की अवधारणा तत्कालीन सोवियत संघ से ली गई। नागरिकों के मौलिक कर्तव्य वर्ष 1976 में 42वें संविधान संशोधन द्वारा संविधान में जोड़े गए। इसके तहत भारतीय संविधान में भाग IV-A तथा अनुच्छेद 51(A) जोड़ा गया, जो नागरिकों हेतु 10 मौलिक कर्तव्यों का वर्णन करते हैं। परंतु वर्ष 2002 में 86वें संविधान संशोधन द्वारा मौलिक कर्तव्यों की संख्या में एक वृद्धि कर दी गई तथा ये 10 से 11 हो गए। ये 11 प्रमुख मौलिक कर्तव्य निम्नलिखित हैं–

1. संविधान का पालन करें और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्र ध्वज और राष्ट्र गान का आदर करें।
2. स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखें और उनका पालन करें।
3. भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करें और उसे अक्षुण्ण रखें।
4. देश की रक्षा करें और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करें।
5. भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करें जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग आधारित सभी भेदभाव से परे हों, ऐसी प्रथाओं का त्याग करें, जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं।
6. हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का महत्व समझें और उसका परिरक्षण करें।

7. प्राकृतिक पर्यावरण की, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्यजीव हैं, रक्षा करें और उसका संवर्धन करें तथा प्राणिमात्र के प्रति दया भाव रखें।
8. वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करें।
9. सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखें और हिंसा से दूर रहें।
10. व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करें, जिससे राष्ट्र निरंतर बढ़ते हुए प्रयत्न और उपलब्धि की नई ऊंचाइयों को छू ले।
11. 6 से 14 वर्ष तक की आयु के बीच अपने बच्चों को शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना। यह कर्तव्य 86वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2002 के द्वारा जोड़ा गया।

70. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिसमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :
अभिकथन (A) : भारत में मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से लोक सभा तथा राज्य सभा दोनों के प्रति उत्तरदायी है।
कारण (R) : लोक सभा और राज्य सभा दोनों के सदस्य संघीय सरकार के मंत्री बनने की पात्रता रखते हैं।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए।
कूट :
(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, किंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) सत्य है, किंतु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, किंतु (R) सत्य है।

उत्तर—(d)

संविधान के अनुच्छेद 75(3) के तहत, मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से लोक सभा के प्रति उत्तरदायी है। मंत्री संसद के किसी भी सदन से संबंधित हो सकते हैं। संविधान इस संबंध में संसद के दोनों सदनों के बीच समानता रखता है। प्रत्येक मंत्री को किसी भी सदन में बोलने और भाग लेने का अधिकार है लेकिन वह केवल उसी सदन में मतदान करने का हकदार है, जिसका वह सदस्य है।

71. निम्नलिखित में से कौन-सा एक युग्म सही सुमेलित नहीं है?

	(प्रावधान)		(स्रोत)
(a)	मौलिक अधिकार	–	संयुक्त राज्य अमेरिका
(b)	राज्य के नीति निर्देशक तत्व	–	आयरलैंड
(c)	केंद्र की अवशिष्ट शक्तियां	–	ऑस्ट्रेलिया
(d)	आपातकालीन शक्तियां	–	जर्मनी

उत्तर—(c)

एक मजबूत केंद्र के साथ संघ का प्रावधान, केंद्र के पास अवशिष्ट शक्तियां, केंद्र द्वारा राज्य के राज्यपालों की नियुक्ति और सर्वोच्च न्यायालय के सलाहकार क्षेत्राधिकार आदि कनाडा के संविधान से लिया गया है।

72. भारतीय संसद की कार्यवाही में 'शून्य काल' का अर्थ है—
(a) सत्र का प्रथम घंटा
(b) जब विशेषाधिकार प्रस्ताव स्वीकृत होता है
(c) प्रश्न काल के पूर्व का काल
(d) प्रश्न काल के ठीक पश्चात का काल

उत्तर—(d)

संसद के प्रक्रिया नियम में 'शून्य काल' का उल्लेख नहीं है। शून्य काल वह समय होता है, जब संसद सदस्य (सांसद) तत्काल सार्वजनिक महत्व के मुद्दे उठा सकते हैं। शून्य काल के दौरान मुद्दों को उठाने के लिए सांसदों को बैठक के दिन 10 बजे से पहले अध्यक्ष/सभापति को नोटिस देना होता है। यह प्रश्न काल के बाद 12 बजे से शुरू होने के कारण इसे 'शून्य काल' की संज्ञा दी गई है।

73. निम्नलिखित में से भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद आकस्मिकता निधि से संबंधित है?
(a) अनुच्छेद 265
(b) अनुच्छेद 266
(c) अनुच्छेद 267
(d) अनुच्छेद 268

उत्तर—(c)

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 267(1) के तहत संसद आकस्मिकता निधि के गठन की व्यवस्था कर सकती है। ऐसी निधि में से कोई अग्रिम नहीं दिया जाएगा सिवाए ऐसे आकस्मिक व्यय की पूर्ति करने के प्रयोजनों के लिए, जिसका विधि द्वारा किए गए विनियोगों के अधीन संसद द्वारा प्राधिकृत किया जाना लंबित है।

74. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द भारतीय संविधान की प्रस्तावना में उल्लेखित नहीं है?
(a) संप्रभुता (b) लोकतंत्रात्मक
(c) पंथनिरपेक्ष (d) संघीय

उत्तर—(d)

भारतीय संविधान की प्रस्तावना में शामिल महत्वपूर्ण शब्द—प्रभुत्वसंपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य, न्याय, स्वतंत्रता, समता तथा बंधुता हैं। परंतु संघीय (Federal) शब्द भारत के संविधान में उल्लिखित नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 1 में संघ (Union) शब्द का प्रयोग किया गया है।

75. पंचायती राज पर निम्न समितियों पर विचार कीजिए तथा इन्हें कालक्रमानुसार व्यवस्थित करें -
I. अशोक मेहता समिति
II. एल.एम. सिंघवी समिति
III. बी.आर. मेहता समिति
IV. जी.के.वी. राव समिति
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए।

कूट :

(a) I, II, III, IV (b) III, I, IV, II

(c) II, I, III, IV (d) III, II, IV, I

उत्तर—(b)

पंचायती राज व्यवस्था हेतु भारत में गठित प्रमुख समितियों का क्रम निम्नलिखित है -

1. बलवंत राय मेहता समिति — जनवरी, 1957 (तीन स्तरीय पंचायत व्यवस्था की सिफारिश)
2. अशोक मेहता समिति — दिसंबर, 1977 (दो स्तरीय पंचायत व्यवस्था की सिफारिश)
3. एल.एम. सिंघवी समिति — वर्ष 1985 (नियोजन की आधारभूत इकाई, जिला की सिफारिश)
4. जी.के.वी. राव समिति — वर्ष 1986 (पंचायत को संवैधानिक स्थिति प्रदान करने की सिफारिश)

76. निम्नांकित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

	(विषय)		(संबंधित अनुच्छेद)
(a)	न्यायपालिका व कार्यपालिका के पृथक्करण	–	अनुच्छेद 50
(b)	अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के शैक्षणिक तथा आर्थिक हितों की अभिवृद्धि	–	अनुच्छेद 46
(c)	सहकारी सोसाइटी का संवर्धन	–	अनुच्छेद 43A
(d)	ग्राम पंचायतों का गठन और उन्हें स्वायत्त शासन की इकाइयों के रूप में कार्य करने योग्य बनाना	–	अनुच्छेद 40

उत्तर—(c)

यह प्रश्न संविधान के नीति-निर्देशक तत्व, भाग-IV से संबंधित है। सहकारी समितियों के संवर्धन की चर्चा संविधान के अनुच्छेद 43B में है।

77. निम्नलिखित में से कौन-सा संविधान संशोधन अधिनियम जी.एस.टी. (वस्तु एवं सेवा कर) नियमों के कार्यान्वयन के लिए आवश्यक प्रावधान करता है?

(a) 101वां संशोधन अधिनियम

(b) 102वां संशोधन अधिनियम

(c) 103वां संशोधन अधिनियम

(d) 104वां संशोधन अधिनियम

उत्तर—(a)

101वां संविधान संशोधन अधिनियम, 2016 वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) नियमों के कार्यान्वयन के लिए आवश्यक प्रावधान करता है। यह एक अप्रत्यक्ष कर है, जो भारत में वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति पर लगता है।

78. उत्तर प्रदेश के राज्य लोक सेवा आयोग के कार्यों का विस्तार किया जा सकता है—

(a) प्रधानमंत्री द्वारा

(b) केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय द्वारा

(c) राष्ट्रपति द्वारा

(d) उत्तर प्रदेश विधानमंडल द्वारा

उत्तर—(d)

अनुच्छेद 321—राज्य विधानमंडल द्वारा राज्य लोक सेवा आयोग को राज्य की सेवाओं से संबंधित अतिरिक्त कार्य प्रदान किए जा सकते हैं। अत: राज्य विधानमंडल द्वारा अधिनियम के द्वारा राज्य लोक सेवा आयोग के कार्यक्षेत्र का विस्तार किया जा सकता है।

79. भारतीय संसद की लोक लेखा समिति संवीक्षा करती है—

(a) नियंत्रक व महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन की

(b) भारत की संचित निधि की

(c) भारत के लोक लेखा की

(d) भारत की आकस्मिकता निधि की

उत्तर—(a)

लोक लेखा समिति सबसे पुरानी संसदीय समिति है और पहली बार इसका गठन वर्ष 1921 में किया गया था। समिति में 22 सदस्य होते हैं; 15 लोक सभा एवं 7 राज्य सभा से। लोक सभा के स्पीकर को समिति के अध्यक्ष को नियुक्त करने का अधिकार प्राप्त है। लोक लेखा समिति भारत सरकार के विनियोग लेखाओं और उन पर भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन की संवीक्षा करती है।

80. निम्नलिखित राज्यों के गठन पर विचार कीजिए तथा इन्हें कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए :

I. गोवा **II. तेलंगाना**

III. झारखंड **IV. हरियाणा**

नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए।

कूट :

(a) I, II, III, IV (b) IV, I, III, II

(c) III, II, IV, I (d) IV, III, I, II

उत्तर—(b)

राज्य	गठन का वर्ष
गोवा	30 मई, 1987
तेलंगाना	2 जून, 2014
झारखंड	15 नवंबर, 2000
हरियाणा	1 नवंबर, 1966

सही कालानुक्रम निम्नवत है—IV, I, III, II

81. कौन-से संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा मतदान की आयु को 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष किया गया था?

(a) 66वां संशोधन (b) 62वां संशोधन

(c) 61वां संशोधन (d) 63वां संशोधन

उत्तर—(c)

संविधान (61वां संशोधन) अधिनियम, 1988 के माध्यम से भारत में लोक सभा एवं राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव में मतदान की आयु को 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दिया गया है। यह संविधान के अनुच्छेद 326 में संशोधन के माध्यम से संभव हुआ, जो लोक सभा एवं विधानसभाओं के चुनावों से संबंधित है।

82. निम्नलिखित में से कौन-से आयोग/समिति की सिफारिश पर भारत में अंतर्राज्य परिषद की स्थापना की गई?

(a) पुंछी आयोग (b) राजमन्नार समिति
(c) कोठारी समिति (d) सरकारिया आयोग

उत्तर—(d)

केंद्र एवं राज्यों के मध्य वर्तमान व्यवस्थाओं की कार्यप्रणाली की समीक्षा के उद्देश्य से वर्ष 1988 में जस्टिस आर.एस. सरकारिया की अध्यक्षता में एक आयोग गठित किया गया था। सरकारिया आयोग ने एक स्थायी अंतर्राज्य परिषद की स्थापना की सिफारिश की थी। 28 मई, 1990 के राष्ट्रपतीय आदेश द्वारा भारत के संविधान के अनुच्छेद 263 के तहत अंतर्राज्य परिषद का गठन किया गया था।

83. सिविल सेवाओं में सुधार हेतु पी.सी. होता समिति का गठन किस वर्ष किया गया था?

(a) 2003 (b) 2004
(c) 2005 (d) 2006

उत्तर—(b)

लोक सेवा संबंधी सुधारों के सभी पहलुओं का परीक्षण करने के उद्देश्य से 3 फरवरी, 2004 को UPSC के पूर्व चेयरमैन पी.सी. होता की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था।

84. राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्य को हटाया जा सकता है-

(a) विधानसभा में महाभियोग के आधार पर राज्यपाल द्वारा
(b) उच्चतम न्यायालय की जांच के पश्चात राज्यपाल द्वारा
(c) उच्चतम न्यायालय की जांच के पश्चात राष्ट्रपति द्वारा
(d) उच्च न्यायालय की जांच के पश्चात राज्यपाल द्वारा

उत्तर—(c)

संविधान का अनुच्छेद 317 लोक सेवा आयोग के किसी सदस्य को हटाए जाने और निलंबित किए जाने से संबंधित है। खंड (3) के उपबंधों के अधीन, उच्चतम न्यायालय की जांच के पश्चात लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष या किसी अन्य सदस्य को केवल कदाचार (Misbehaviour) के आधार पर राष्ट्रपति के आदेश से उसके पद से हटाया जा सकता है।

85. नीचे दिए गए तथ्यों पर ध्यान दीजिए -

1. भारत के प्रथम मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुकुमार सेन थे।
2. भारत की पहली महिला मुख्य निर्वाचन आयुक्त रमा देवी थीं।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए।
कूट :

(a) केवल 1 सही है (b) केवल 2 सही है
(c) 1 और 2 दोनों सही हैं (d) 1 और 2 दोनों गलत हैं

उत्तर—(c)

भारत के प्रथम मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुकुमार सेन थे। इनका कार्यकाल 21 मार्च, 1950 से 19 दिसंबर, 1958 तक था। भारत की प्रथम महिला मुख्य निर्वाचन आयुक्त वी.एस. रमादेवी (कार्यकाल : 26 नवंबर, 1990-11 दिसंबर, 1990) थीं। भारत के वर्तमान (24वें) मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुशील चंद्रा हैं।

86. निम्नलिखित में से किस व्यक्ति ने मूल अधिकारों को ''हमारे लोगों के लिए एक प्रतिज्ञा तथा सभ्य विश्व के साथ किया गया समझौता'' कहा था?

(a) पंडित जवाहरलाल नेहरू
(b) डॉ. भीमराव अंबेडकर
(c) डॉ. राजेंद्र प्रसाद
(d) डॉ. एस. राधाकृष्णन

उत्तर—(d)

मूल अधिकारों पर संविधान सभा में हुई बहस में भाग लेते हुए डॉ. एस. राधाकृष्णन ने कहा था, ''यह हमारे लोगों के लिए एक प्रतिज्ञा और सभ्य विश्व के साथ किया गया एक समझौता है।''

87. निम्नलिखित में से कौन-सा विधेयक राज्य सभा में प्रथम बार प्रस्तावित नहीं किया जा सकता है?

(a) साधारण विधेयक
(b) सांविधानिक संशोधन विधेयक
(c) राज्य पुनर्गठन विधेयक
(d) धन विधेयक

उत्तर—(d)

संविधान के अनुच्छेद 109 के उपबंधों के अनुसार, धन विधेयक के संबंध में राज्य सभा के पास सीमित शक्तियां होती हैं। किसी धन विधेयक के लोक सभा द्वारा पारित होने तथा राज्य सभा के पास सिफारिश के लिए भेजे जाने के पश्चात इसे राज्य सभा द्वारा प्राप्ति की तारीख से 14 दिनों की अवधि के भीतर लोक सभा को वापस भेजा जाना होता है।

88. निम्नलिखित पर विचार कीजिए तथा उनको सही कालक्रम में व्यवस्थित कीजिए -

I. गोलकनाथ वाद
II. केशवानंद भारती वाद
III. 24वां संविधान संशोधन अधिनियम
IV. 42वां संविधान संशोधन अधिनियम
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए।
कूट :

(a) I, III, II, IV (b) I, II, III, IV
(c) III, I, II, IV (d) III, I, IV, II

उत्तर—(a)

यू.पी.पी.सी.एस.(मुख्य) परीक्षा, 2017

प्रथम प्रश्न-पत्र

भारतीय इतिहास

प्राचीन भारत का इतिहास

1. निम्नलिखित शासकों में से किसके सिक्कों पर संकर्षण एवं वासुदेव दोनों अंकित हैं?

(a) हुविष्क (b) कनिष्क

(c) समुद्रगुप्त (d) अगाथोक्लीज

उत्तर–(d)

अफगानिस्तान के ऐ-खानम (Ai-Khanum) से अगाथोक्लीज के सिक्के प्राप्त हुए हैं, जिन पर वासुदेव (कृष्ण) और संकर्षण का चित्र अंकित है।

2. वैदिक देवता इंद्र के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–

1. झंझावत के देवता थे। 2. पापियों को दंड देते थे।

3. नैतिक व्यवस्था के संरक्षक थे। 4. वर्षा के देवता थे।

कूट :

(a) 1 एवं 2 सही हैं। (b) 1 एवं 3 सही हैं।

(c) 2 एवं 4 सही हैं। (d) 1 एवं 4 सही हैं।

उत्तर–(d)

ऋग्वेद में इंद्र का वर्णन सर्वाधिक प्रतापी देवता के रूप में किया जाता है, जिसे 250 सूक्त समर्पित हैं। यह ऋग्वैदिक काल में सर्वाधिक लोकप्रिय देवता था। इंद्र को आर्यों का युद्ध नेता तथा वर्षा, आंधी, तूफान का देवता माना जाता है। इंद्र को वृत्तासुरहंता (वृत्तासुर नामक राक्षस का वध करने वाला), पुरभिद (किला को भेदने वाला), सोमापा (सोम का अत्यधिक पान करने वाला), शतक्रति (एक सौ शक्तियों का स्वामी) आदि नामों से जाना जाता है। नैतिक व्यवस्था का संरक्षक वरुण को कहा गया है। इसके अतिरिक्त कुछ मंत्रों में पापियों को दंड देने के लिए इंद्र और सोम से प्रार्थना की गई है। इससे स्पष्ट होता है कि इंद्र पापियों को दंड भी देते थे। प्रश्न विकल्प में कथन 1, 2, 4 न होने के कारण विकल्प (d) 1 एवं 4 ज्यादा उपयुक्त उत्तर है।

3. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?

(a) कुमारगुप्त 1 : मंदसौर अभिलेख

(b) पतिक : तक्षशिला अभिलेख

(c) प्रभावती गुप्ता : उदयगिरि गुहा अभिलेख

(d) समुद्रगुप्त : एरण अभिलेख

उत्तर–(c)

सही सुमेलन है–

कुमारगुप्त I	मंदसौर अभिलेख
पतिक	तक्षशिला अभिलेख
चंद्रगुप्त द्वितीय	उदयगिरि गुहा अभिलेख
समुद्रगुप्त	एरण अभिलेख

प्रभावती गुप्ता का उदयगिरि से कोई अभिलेख नहीं प्राप्त हुआ है।

4. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–

सूची - I	सूची -II
A. हड़प्पा	1. शवाधान R - 37
B. लोथल	2. गोदी
C. कालीबंगा	3. नर्तकी की मूर्ति
D. मोहनजोदड़ो	4. जुता हुआ खेत

कूट :

	A	B	C	D
(a)	1	2	3	4
(b)	2	1	4	3
(c)	3	4	1	2
(d)	1	2	4	3

उत्तर–(d)

सही सुमेलन है–

हड़प्पा	शवाधान R-37
लोथल	गोदी
कालीबंगा	जुता हुआ खेत
मोहनजोदड़ो	नर्तकी की मूर्ति

5. किसके शासनकाल में मेगस्थनीज भारत आया?

(a) अशोक (b) हर्षवर्धन

(c) चंद्रगुप्त मौर्य (d) कुमारगुप्त

उत्तर–(c)

मेगस्थनीज सेल्युकस 'निकेटर' द्वारा चंद्रगुप्त मौर्य की राजसभा में भेजा गया यूनानी राजदूत था। इसके पूर्व वह अराकोसिया के क्षत्रप के राजदरबार में सेल्युकस का राजदूत रह चुका था। मेगस्थनीज ने काफी समय तक मौर्य दरबार में निवास किया। भारत में उसने जो कुछ भी देखा सुना, उसे उसने 'इंडिका' नामक अपने ग्रंथ में लिपिबद्ध किया।

मध्यकालीन भारत का इतिहास

6. निम्नलिखित में से किस सिख गुरु ने 'गुरुमुखी' प्रारंभ की?

(a) गुरु नानक (b) गुरु अमरदास

(c) गुरु रामदास (d) गुरु अंगद

उत्तर—(d)

'गुरुमुखी' पंजाबी शब्द 'गुरामुखी' से बना है जिसका अर्थ है–'गुरु के मुख से'। गुरुमुखी लिपि की वर्णमाला का सृजन दूसरे सिख गुरु अंगद द्वारा सोलहवीं शताब्दी में 'गुरु ग्रंथ साहिब' लिखने के लिए प्रयुक्त किया गया था।

7. बाजार कीमतों को नियंत्रित करने के अलाउद्दीन खिलजी के प्रयास ने–

(a) कृषि को उन्नत किया।

(b) सिर्फ सामंतों/दरबारियों को फायदा पहुंचाया।

(c) बहुत सफलता प्राप्त की।

(d) शासक को जनमानस से दूर किया।

उत्तर—(c)

अलाउद्दीन का आर्थिक सुधार एक बड़ी सेना का भरण-पोषण, काला बाजारी को रोकना और विद्रोहों पर अंकुश लगाने के लिए था। इन सब के लिए सुल्तान ने बाजार में मूल्य नियंत्रण के लिए कई नियम और प्रमुख अधिकारियों की नियुक्ति की। उसने मलिक कबूल को शहना या बाजार अधीक्षक नियुक्त किया और उसको मूल्य में स्थिरता बनाए रखने के लिए कई सहायक और विस्तृत अधिकार दिए जिससे नियमों को उसने बड़ी कठोरता से लागू किया। जिसका परिणाम हुआ कि मुनाफा खोरी और काला बाजारी बंद हो गई।

8. सल्तनत काल में 'दीवान-ए-अमीर-कोही' विभाग निम्नलिखित में से किससे संबंधित था?

(a) सेना (b) राजस्व

(c) कृषि (d) मनोरंजन

उत्तर—(c)

मुहम्मद बिन तुगलक ने कृषि की उन्नति के लिए एक नए विभाग 'दीवान-ए-अमीर-ए-कोही' की स्थापना की। इस विभाग का मुख्य कार्य कृषकों को प्रत्यक्ष सहायता देकर अधिक भूमि कृषि कार्य के अधीन लाना था।

9. निम्नलिखित में कौन पहला सुल्तान था जिसने भारत में सांकेतिक मुद्रा का प्रचलन किया?

(a) इल्तुतमिश (b) बलबन

(c) मुहम्मद बिन तुगलक (d) बहलोल लोदी

उत्तर—(c)

मुहम्मद बिन तुगलक का शासनकाल क्रांतिकारी योजनाओं के लिए जाना जाता है। जिसमें उसकी प्रमुख योजना मुद्रा व्यवस्था से संबंधित थी। सुल्तान ने तांबे तथा इससे मिश्रित कांसे के सिक्के जारी किए, जिनका मूल्य तत्कालीन जारी चांदी और सोने के सिक्के के बराबर था, जिसे सांकेतिक मुद्रा कहा गया। ऐसा प्रयोग करने वाला मुहम्मद बिन तुगलक भारत का पहला सुल्तान था। यह योजना बाजार में अव्यवस्था उत्पन्न होने के कारण असफल रही।

10. निम्नलिखित में से कौन फारसी का प्रथम कवि था जिसने अपनी कविता में भारतीय पर्यावरण को चित्रित किया?

(a) अमीर खुसरो (b) अमीर हसन

(c) अबूतालिब कलीम (d) फैजी

उत्तर—(a)

प्रसिद्ध फारसी कवि अमीर खुसरो निजामुद्दीन औलिया के शिष्य थे। इन्होंने दिल्ली सल्तनत में सात सुल्तानों का काल देखा था। नई फारसी काव्य शैली सबक-ए-हिंदी या हिंदुस्तानी शैली के जन्मदाता अमीर खुसरो स्वयं को तूती-ए-हिंद' अथवा 'हिंदोस्तान का तोता' कहता था। अमीर खुसरो की रचनाओं का महत्त्वपूर्ण तत्व उनका भारतीय पर्यावरण के इर्द-गिर्द रचनाओं का आविष्कार था।

11. कृषि को सम्मुन्नत करने के लिए नहर खुदवाने के संदर्भ में 13वीं शताब्दी का निम्नलिखित में पहला शासक होने का श्रेय किसे दिया जाता है?

(a) बलबन (b) इल्तुतमिश

(c) गयासुद्दीन तुगलक (d) रजिया बेगम

उत्तर—(c)

तुगलक वंश की स्थापना गयासुद्दीन तुगलक ने की थी। गयासुद्दीन तुगलक ने कृषकों की स्थिति में सुधार के लिए अनेक प्रयास किए। उसने 'मुकद्दम' तथा 'खूतो' को उनके पुराने अधिकार लौटा दिए। गयासुद्दीन ने लगान निश्चित करने में बटाई का प्रयोग फिर से प्रारंभ कर दिया, ऋणों की वसूली को बंद करवा दिया, भू-राजस्व की दर को $\frac{1}{3}$ किया तथा सिंचाई के लिए नहरों का निर्माण करवाया। सिंचाई हेतु नहर निर्माण कराने वाला गयासुद्दीन पहला शासक था।

12. निम्नलिखित ऐतिहासिक व्यक्तियों के नाम कालक्रमानुसार संयोजित कर नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–

1. नागभट्ट II 2. महीपाल

3. महेंद्रपाल 4. वत्सराज

कूट :

(a) 2, 3, 1, 4 (b) 4, 1, 3, 2

(c) 1, 2, 3, 4 (d) 3, 1, 4, 2

उत्तर—(b)

शासकों का सही कालानुक्रम है–वत्सराज (775-800 ई.), नागभट्ट द्वितीय (800-833 ई.), महेंद्रपाल प्रथम (885-910 ई.) एवं महीपाल (912-944 ई.)।

13. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–

सूची - I	सूची -II
A. भीमसेन कायस्थ	1. चहार चमन
B. चन्द्रभान ब्रहमन	2. फुतूहात-ए-आलमगीरी
C. ईश्वरदास नागर	3. खुलासत-उत-तवारीख
D. सुजानराय भंडारी	4. तारीख-ए-दिलकुशा

कूट :

	A	B	C	D
(a)	1	2	3	4
(b)	2	3	4	1
(c)	3	4	1	2
(d)	4	1	2	3

उत्तर–(d)

सही सुमेलन है–

भीमसेन कायस्थ	तारीख-ए-दिलकुशा
चन्द्रभान ब्रहमन	चहार चमन
ईश्वरदास नागर	फुतूहात-ए-आलमगीरी
सुजानराय भंडारी	खुलासत-उत-तवारीख

आधुनिक भारत का इतिहास

14. 'अनुद्योगीकरण' के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. यह प्रक्रिया 1813 में प्रारंभ हुई।
2. ईस्ट इंडिया कंपनी के व्यापारिक एकाधिकारों की समाप्ति ने इस प्रक्रिया को तेज किया।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए–

कूट :

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 तथा 2 दोनों (d) न 1, न 2

उत्तर–(c)

भारत में अनुद्योगीकरण की प्रक्रिया 1813 ई. के चार्टर एक्ट द्वारा कंपनी का भारतीय व्यापार का एकाधिकार समाप्त करने से शुरू हुई। यद्यपि कंपनी का चीन के साथ व्यापार तथा चाय के व्यापार का एकाधिकार चलता रहा। चार्टर एक्ट, 1833 द्वारा कंपनी के सभी वाणिज्यिक अधिकार समाप्त कर दिए गए तथा उसे भविष्य में केवल राजनैतिक कार्य ही करने थे।

15. निम्नलिखित में से कौन-सी घटना सबसे अंत में हुई?

(a) चौरी-चौरा की घटना
(b) दांडी मार्च
(c) गांधी-इर्विन समझौता
(d) सांप्रदायिक निर्णय (अवॉर्ड) की घोषणा

उत्तर–(d)

घटनाओं का कालक्रम है–

घटना	वर्ष
चौरी चौरा	1922
दांडी मार्च	1930
गांधी-इर्विन समझौता	1931
सांप्रदायिक निर्णय (अवॉर्ड) की घोषणा	1932

16. सूची-I को सूची-II सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–

सूची - I (आयोग)	सूची -II (अध्यक्ष)
A. रेलवे आयोग (1901)	1. एंथनी मैक डोनल
B. अकाल आयोग (1899)	2. कॉलिन स्कॉट मॉनक्रीफ
C. सिंचाई आयोग (1901)	3. एण्ड्रयू फ्रेजर
D. पुलिस सुधार आयोग (1902)	4. टॉमस रॉबर्ट्सन

कूट :

	A	B	C	D
(a)	3	1	4	2
(b)	3	2	1	4
(c)	4	1	2	3
(d)	4	2	1	3

उत्तर–(c)

सही सुमेलन इस प्रकार है–

आयोग	अध्यक्ष
रेलवे आयोग (1901)	टॉमस रॉबर्ट्सन
अकाल आयोग (1899)	एंथनी मैक डोनल
सिंचाई आयोग (1901)	कॉलिन स्कॉट मॉनक्रीफ
पुलिस सुधार आयोग (1902)	एण्ड्रयू फ्रेजर

17. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(a) दिल्ली षड्यंत्र केस – अमीरचन्द्र
(b) काकोरी षड्यंत्र केस – अशफाकउल्ला
(c) लाहौर षड्यंत्र केस – जतिन दास
(d) नासिक षड्यंत्र केस – रास बिहारी बोस

उत्तर–(d)

दिल्ली षड्यंत्र केस-अमीरचन्द्र; काकोरी षड्यंत्र केस-अशफाकउल्ला; लाहौर षड्यंत्र केस-जतिन दास से संबंधित है, जबकि रास बिहारी बोस का संबंध भी दिल्ली षड्यंत्र केस से था, वे गिरफ्तारी से बचने के लिए जापान चले गए थे। अतः विकल्प (d) सही उत्तर होगा।

18. 1919 के सुधारों की भारतीयों की आकांक्षाओं को पूर्ण करने में असफलता के साथ, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 'स्वराज' अथवा 'स्वशासन' हेतु आंदोलन किया, नेतृत्व में–

(a) महात्मा गांधी के (b) जी.के. गोखले के

(c) बाल गंगाधर तिलक के (d) मोतीलाल नेहरू के

उत्तर–(a)

अखिल भारतीय राजनीति में गांधीजी का पहला साहसिक कदम रौलेट एक्ट के विरुद्ध वर्ष 1919 में प्रारंभ सत्याग्रह था। गांधीजी ने रौलेट सत्याग्रह के लिए तीन राजनीतिक मंचों का उपयोग किया था। होमरूल लीग, खिलाफत एवं सत्याग्रह सभा। भारतीय आकांक्षाओं को पूर्ण करने में असफल रहने के पश्चात 5 नवंबर, 1920 को ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के अधिवेशन में गांधीजी ने असहयोग आंदोलन शुरू होने के 'एक वर्ष के भीतर स्वराज' प्राप्त करने का नारा दिया।

19. ब्रिटिश भारत में हुए विद्रोहों के संदर्भ में 'कल्लार' नाम से जाने गए लोग निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संबंधित थे?

(a) कोल्हापुर (b) मिदनापुर

(c) मदुरै (d) रंगपुर

उत्तर–(c)

'कल्लार' दक्षिण भारत के मुदिराजा (मुधुराजा) समुदाय से संबंधित थे। ब्रिटिश भारत में 'कल्लार' जनजाति ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह किया था। यह जनजाति दक्षिण भारत के मदुरै क्षेत्र से संबंधित थी।

20. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए–

1. क्रिप्स मिशन 2. अगस्त प्रस्ताव
3. नेहरू रिपोर्ट 4. वेवेल प्लान

इन घटनाओं का सही कालानुक्रम है–

(a) 3, 1, 2, 4 (b) 3, 2, 1, 4

(c) 2, 1, 3, 4 (d) 1, 3, 2, 4

उत्तर–(b)

घटनाओं का सही कालानुक्रम है–	
नेहरू रिपोर्ट	1928
अगस्त प्रस्ताव	1940
क्रिप्स मिशन	1942
वेवेल योजना	1945

21. सूची-I को सूची-II सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–

सूची - I (स्थान)	**सूची -II (अंग्रेजों द्वारा विलय का वर्ष)**
A. संबलपुर	1. 1848
B. सतारा	2. 1849
C. अवध	3. 1854
D. झांसी	4. 1856

कूट :

	A	B	C	D
(a)	2	1	3	4
(b)	2	1	4	3
(c)	1	2	4	3
(d)	3	1	4	2

उत्तर–(b)

सही सुमेलन है–

सूची-I (स्थान)	**सूची-II (अंग्रेजों द्वारा विलय का वर्ष)**
संभलपुर	1849 ई.
सतारा	1848 ई.
अवध	1856 ई.
झांसी	1854 ई. (1853 ई. में अधिकृत)

22. निम्नलिखित में से कौन-सी घटना सबसे पहले हुई?

(a) लॉर्ड लिटन का दिल्ली दरबार (b) संथाल विद्रोह

(c) प्रथम एंग्लो-सिख युद्ध (d) इलबर्ट बिल विवाद

उत्तर–(c)

सही सुमेलन है–

लॉर्ड लिटन का दिल्ली दरबार	1877 ई.
संथाल विद्रोह	1855-1856 ई.
प्रथम एंग्लो-सिख युद्ध	1845-46 ई.
इल्बर्ट बिल विवाद	1883 ई.

23. 1855 के ''संथाल हूल'' के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं? नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–

1. भागलपुर के पास मेजर बरोज संथालों से लड़ाई में हार गए।
2. गोक्को, गोड्डा का एक महत्त्वपूर्ण नेता था।
3. इस संदर्भ में महाजन दीनदयाल राय भी एक महत्त्वपूर्ण नाम है।
4. एक समय था जब मुजफ्फरपुर के निकट गंगा घाटी के क्षेत्र पर संथालों का पूर्ण वर्चस्व था।

कूट :

(a) केवल 1 (b) 1, 3, 4

(c) 1, 2, 3 (d) केवल 2 तथा 3

उत्तर–(c)

जुलाई, 1855 ई. में संथालों ने विद्रोह का बिगुल बजाया। कलकत्ता के मेजर बर्रो और पूर्णिया से सेना की एक टुकड़ी संथालों का दमन करने के लिए भेजी गई, जो भागलपुर के निकट पीर पैंटी के मैदान में संथालों से संघर्ष में पराजित हो गई। बाद में विद्रोह का दमन कैप्टन अलेक्जेंडर ने किया। गोड्डा वर्तमान में झारखंड राज्य के अंतर्गत संथाल परगना में आता है। गोक्को यहां का एक महत्त्वपूर्ण नेता था। महाजन दीनदयाल भी शोषणकर्ताओं में शामिल था। गंगा घाटी क्षेत्र पर संथालों का वर्चस्व नहीं था। यह विद्रोह भागलपुर से वर्द्धमान तक फैल गया था।

24. निम्न में से कौन-सा एक असहयोग आंदोलन को प्रारंभ करने का कारण नहीं था?

(a) खिलाफत का प्रश्न (b) नमक कानून
(c) पंजाब में अत्याचार (d) रौलेट एक्ट

उत्तर—(b)

सितंबर, 1920 में लाला लाजपत राय की अध्यक्षता में कलकत्ता में हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विशेष अधिवेशन में महात्मा गांधी की प्रेरणा से एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें दो अन्यायपूर्ण कार्यों के विरोध में असहयोग आंदोलन प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया–(1) खिलाफत मुद्दे के प्रति ब्रिटिश सरकार का दृष्टिकोण (2) पंजाब के निर्दोष लोगों की रक्षा न करने तथा उनसे बर्बर व्यवहार करने वाले अपराधी अधिकारियों को दंडित करने में ब्रिटिश सरकार की विफलता, जबकि नमक कानून से संबंधित सविनय अवज्ञा आंदोलन वर्ष 1930 में प्रारंभ हुआ था।

25. सूची-I को सूची-II सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–

सूची - I (समाचार-पत्र)	**सूची -II (सम्पादक)**
A. काल	1. सुरेन्द्रनाथ बनर्जी
B. बंगाली	2. गोपाल कृष्ण गोखले
C. सुधारक	3. द्वारकानाथ विद्याभूषण
D. सोमप्रकाश	4. शिवराम महादेव परांजपे

कूट :

	A	B	C	D
(a)	4	1	2	3
(b)	4	1	3	2
(c)	3	1	4	2
(d)	3	1	2	4

उत्तर—(a)

प्रश्नगत समाचार-पत्रों एवं उनके सम्पादकों का सुमेलन इस प्रकार है–

समाचार-पत्र	**सम्पादक**
काल	शिवराम महादेव परांजपे
बंगाली	सुरेन्द्रनाथ बनर्जी
सुधारक	गोपाल कृष्ण गोखले
सोमप्रकाश	द्वारकानाथ विद्याभूषण

26. निम्नलिखित में से किसका नाम 1857 के विद्रोह से नहीं जुड़ा है?

(a) कर्नल सेंट लेगर
(b) लेफ्टिनेन्ट कर्नल गिब्ब्स
(c) कर्नल वैलेस
(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर—(d)

प्रश्न में दिए गए विकल्पों में कोई भी 1857 के विद्रोह से नहीं जुड़ा है।

27. रवीन्द्रनाथ टैगोर को नोबल पुरस्कार दिया गया था, वर्ष—

(a) 1913 में (b) 1920 में
(c) 1922 में (d) 1936 में

उत्तर—(a)

रवीन्द्रनाथ टैगोर को वर्ष 1913 में नोबेल पुरस्कार (साहित्य) प्रदान किया गया था। यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले वे पहले भारतीय थे।

28. निम्नलिखित में से किन्हें 'बम्बई त्रिमूर्ति' के नाम से जाना जाता है?

(a) तिलक, गोखले, नौरोजी (b) मेहता, तिलक, तैय्यबजी
(c) मेहता, तेलंग, तैय्यबजी (d) नौरोजी, तेलंग, देशमुख

उत्तर—(c)

फिरोजशाह मेहता, के.टी. तेलंग और बदरुद्दीन तैय्यबजी को 'बम्बई त्रिमूर्ति' के नाम से जाना जाता था। तीनों ने मिलकर 1885 ई. में बॉम्बे प्रेसीडेंसी एसोसिएशन की स्थापना की थी।

29. किसने लिखा था, ''इस निर्णय से इंकार करना कठिन है कि तथाकथित 1857 का प्रथम राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम न तो प्रथम था, न राष्ट्रीय था और न ही स्वतंत्रता संग्राम था?''

(a) आर.सी. मजूमदार (b) सैयद अहमद
(c) रॉबर्ट्स (d) कूपलैण्ड

उत्तर—(a)

भारत सरकार द्वारा आर.सी. मजूमदार को 1857 के विद्रोह का इतिहास लिखने के लिए नियुक्त किया गया था। परंतु सरकारी समिति से अनबन होने के कारण उन्होंने यह कार्य करने से इंकार कर दिया तथा अपनी पुस्तक "The Sepoy Mutiny and the Rebellion of 1857" को स्वतंत्र रूप से वर्ष 1957 में प्रकाशित किया। मजूमदार ने ही 1857 के विद्रोह को ''तथाकथित प्रथम राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम न तो प्रथम था, न राष्ट्रीय था और न ही स्वतंत्रता संग्राम था'' कहा था।

30. निम्नलिखित में से किसने अपनी कृतियों द्वारा 'संन्यासी विद्रोह' को ख्याति प्रदान की?

(a) दीनबंधु मित्र (b) बंकिमचन्द्र चटर्जी
(c) शिशिर कुमार घोष (d) हरीश चन्द्र

उत्तर—(b)

बंकिमचंद्र चटर्जी ने अपने उपन्यास 'आनंदमठ' में 'संन्यासी विद्रोह' का उल्लेख किया है। बंगाल में अंग्रेजी राज्य के स्थापित होने से तथा उसके कारण नई अर्थव्यवस्था के स्थापित होने से जमींदार, कृषक और शिल्पी सभी नष्ट हो गए। 1770 ई. में भीषण अकाल पड़ा। उसे तथा कंपनी की पदाधिकारियों की कठोरता को लोगों ने विदेशी राज्य की ही देन समझा। तीर्थ स्थानों पर आने-जाने के विरुद्ध लगे प्रतिबंधों से संन्यासी लोग क्षुब्ध हुए। संन्यासियों ने जनता से मिलकर कंपनी की कोठियों तथा लोगों पर आक्रमण किए। वॉरेन हेस्टिंग्स एक लंबे अभियान के पश्चात ही इस विद्रोह को दबा पाने में सफल हुआ।

31. निम्नलिखित में से किस एक कांग्रेसी नेता ने प्रथम अखिल भारतीय किसान सभा में भाग लिया था?

(a) जवाहरलाल नेहरू (b) एम.के. गांधी
(c) सुभाष चन्द्र बोस (d) राजेन्द्र प्रसाद

उत्तर—(a)

अखिल भारतीय किसान सभा का पहला अधिवेशन अप्रैल, 1936 में लखनऊ में हुआ था। इस सम्मेलन की अध्यक्षता स्वामी सहजानंद सरस्वती ने की थी। अखिल भारतीय किसान सभा को जवाहरलाल नेहरू ने भी संबोधित किया था। इसी अधिवेशन में स्वामी सहजानंद सरस्वती को इस सभा का अध्यक्ष और एन.सी. रंगा को महासचिव चुना गया था।

32. 'सत्यार्थ प्रकाश' किसके द्वारा लिखा गया है?

(a) राजा राममोहन राय (b) बाल गंगाधर तिलक
(c) स्वामी विवेकानंद (d) दयानंद सरस्वती

उत्तर—(d)

प्रसिद्ध पुस्तक 'सत्यार्थ प्रकाश' दयानंद सरस्वती द्वारा लिखी गई है। इस पुस्तक में उन्होंने अपने विचारों का वर्णन किया है। उन्होंने 1875 ई. में बम्बई में आर्य समाज की स्थापना की। जिसका मुख्य उद्देश्य प्राचीन वैदिक धर्म की शुद्ध रूप से पुनः स्थापना करना था। उन्होंने ''पुनः वेद की ओर चलो'' का नारा लगाया।

33. निम्नलिखित में से किस समाचार-पत्र/पत्रिका से महात्मा गांधी संबंधित नहीं थे?

(a) इंडियन ओपिनियन (b) यंग इंडिया
(c) नवजीवन (d) युगांतर

उत्तर—(d)

युगांतर समाचार-पत्र का संपादन भूपेन्द्र नाथ दत्त तथा बारीन्द्र कुमार घोष ने शुरू किया था। इंडियन ओपिनियन, यंग इंडिया और नवजीवन के संपादक महात्मा गांधी थे।

34. निम्न में से किसे, राममोहन राय के धार्मिक/सामाजिक विचारों के विरोध में प्रारंभ किया गया?

(a) दिग्दर्शन (b) समाचार चन्द्रिका
(c) संवाद् कौमुदी (d) बंगाल गजट

उत्तर—(b)

राममोहन राय के धार्मिक/सामाजिक विचारों के विरोध में भवानीचरण बंधोपाध्याय ने 1822 ई. में समाचार चन्द्रिका (पत्रिका) का प्रकाशन शुरू किया। इससे पूर्व वे संवाद कौमुदी के संपादक थे।

35. निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए—

1. वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट 2. रौलेट अधिनियम
3. सती प्रथा पर प्रतिबंध 4. वुड्स डिस्पैच

कूट :

(a) 1, 2, 3, 4 (b) 3, 1, 2, 4
(c) 3, 4, 1, 2 (d) 3, 1, 4, 2

उत्तर—(c)

घटनाओं और उनके कालक्रम का सही सुमेलन इस प्रकार है—

घटना	कालक्रम
सती प्रथा पर प्रतिबंध	1829
वुड्स डिस्पैच	1854
वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट	1878
रौलेट अधिनियम	1919

36. निम्नलिखित में से किसने अखिल भारतीय हरिजन सेवक संघ की 1932 में स्थापना की?

(a) बी.जी. गोखले (b) एम.के. गांधी
(c) बी.आर. अम्बेडकर (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर—(b)

अखिल भारतीय हरिजन सेवक संघ की वर्ष 1932 में स्थापना एम.के. गांधी ने की थी।

37. निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए—

1. अगस्त प्रस्ताव 2. क्रिप्स मिशन
3. भारत छोड़ो आन्दोलन 4. देसाई-लियाकत समझौता

(a) 1, 2, 3, 4 (b) 1, 3, 2, 4
(c) 4, 1, 3, 2 (d) 3, 2, 1, 4

उत्तर—(*)

घटनाओं का सही कालक्रम इस प्रकार है—

अगस्त प्रस्ताव	1940
क्रिप्स मिशन	मार्च, 1942
भारत छोड़ो आन्दोलन	अगस्त, 1942
देसाई-लियाकत समझौता	

नोट : वर्ष 1945 में लियाकत अली और भूलाभाई देसाई के मध्य समझौते की बात अफवाह के रूप में सामने आई थी, वास्तव में यह समझौता नहीं हुआ था।

38. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?

(a) पश्चिमी उ.प्र. में अकाल —1871-72
(b) उड़ीसा, बंगाल, बिहार में अकाल —1865-66
(c) मद्रास, मैसूर, हैदराबाद में अकाल —1876-78
(d) बंगाल में अकाल —1943

उत्तर—(a)

अकाल का सही कालक्रम इस प्रकार है–

पश्चिमी उ.प्र. में अकाल	1860–61
उड़ीसा, बंगाल, बिहार में अकाल	1865–66
मद्रास, मैसूर, हैदराबाद में अकाल	1876–78
बंगाल में अकाल	1942–43

39. 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना के समय गवर्नर जनरल कौन था?

(a) लॉर्ड लिनलिथगो
(b) लॉर्ड वेलेजली
(c) लॉर्ड डफरिन
(d) लॉर्ड सैलिसबरी

उत्तर–(c)

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना (1885) के समय गवर्नर जनरल लॉर्ड डफरिन (कार्यकाल 1884–1888) था। उसने कांग्रेस का यह कहकर मजाक उड़ाया था कि यह 'सूक्ष्मदर्शी अल्पसंख्यकों की संस्था' है।

40. निम्नलिखित में से कौन, कांग्रेस के पूर्व चरण में स्थापित राजनैतिक संस्थाओं में से एक नहीं थी?

(a) दि ब्रिटिश इंडिया एसोसिएशन
(b) दि इंडियन एसोसिएशन
(c) मद्रास नेटिव एसोसिएशन
(d) लैंड होल्डर्स सोसाइटी, कलकत्ता

उत्तर–(*)

प्रश्नानुसार विकल्प में दी गई सभी संस्थाएं कांग्रेस के पूर्व चरण में स्थापित राजनैतिक संस्थाएं थीं। लैंडहोल्डर्स सोसाइटी की स्थापना वर्ष 1838 में, मद्रास नेटिव एसोसिएशन 1852 में, दि ब्रिटिश इंडिया एसोसिएशन 1851 ई. में तथा दि इंडियन एसोसिएशन 1876 ई. में स्थापित हुई थी। अतः कोई भी उत्तर सही नहीं है।
हालांकि दूसरी दृष्टि से देखा जाए, तो कांग्रेस की स्थापना (1885) के ठीक पूर्वकाल में लैंड होल्डर्स सोसाइटी अस्तित्व में नहीं थी। इस संस्था को 1851 ई. में ब्रिटिश इंडिया एसोसिएशन में समाहित कर दिया गया था, जबकि अन्य संस्थाओं का अस्तित्व विद्यमान था। इस संदर्भ से प्रश्न का उत्तर विकल्प (d) हो सकता है।

41. कलकत्ता में एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल की स्थापना 1784 में किसने की?

(a) जोनाथन डंकन (b) विलियम जोंस
(c) वॉरेन हेस्टिंग्स (d) चार्ल्स ग्रान्ट

उत्तर–(b)

एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल की स्थापना 1784 ई. में विलियम जोंस ने की थी।

भूगोल

भारत का भूगोल

42. नीचे दो कथन दिए गए हैं। एक को तथ्य (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है–

तथ्य (A) : गोण्डवाना शैल समूह भारत का लगभग 95% कोयला प्रदान करता है।

कारण (R) : अधिकांश लौह धात्विक और अलौह धात्विक खनिज धारवाड़ शैल समूह से संबंधित हैं।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–

कूट :

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) (A) और (R) दोनों सही है, किंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सही है, किंतु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, किंतु (R) सही है।

उत्तर–(b)

भारत में लगभग 90 प्रतिशत से अधिक कोयला गोण्डवाना शैल समूह से प्राप्त होता है। अधिकांशतः लौह धात्विक और अलौह धात्विक खनिज धारवाड़ शैल तंत्र में पाए जाते हैं। अतः कारण एवं तथ्य दोनों सही हैं, किंतु कारण, तथ्य की सही व्याख्या नहीं है।

43. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–

सूची - I (चारागाह/हिल स्टेशन)	**सूची -II (स्थिति/राज्य)**
A. बन्नी चारागाह	1. उत्तराखंड
B. बग्याल चारागाह	2. जम्मू एवं कश्मीर
C. खज्जियार	3. गुजरात
D. पहलगाम	4. हिमाचल प्रदेश

कूट :

	A	B	C	D
(a)	1	3	2	4
(b)	3	1	4	2
(c)	3	1	2	4
(d)	4	2	1	3

उत्तर–(b)

सही सुमेलन है–

सूची-I चारागाह/हिल स्टेशन	सूची-II स्थिति (राज्य/केंद्रशासित प्रदेश)
बन्नी चारागाह	गुजरात
बग्याल चारागाह	उत्तराखंड
खज्जियार	हिमाचल प्रदेश
पहलगाम	जम्मू एवं काश्मीर

44. भारत के निम्नलिखित पर्वत प्रणालियों में से कौन सबसे पुरानी है?

(a) अरावली (b) हिमालय
(c) सतपुड़ा (d) नीलगिरि

उत्तर–(a)

अरावली श्रेणी गुजरात के पालनपुर से लेकर राजस्थान एवं हरियाणा से होकर दिल्ली तक लगभग 800 किमी. की लंबाई में विस्तारित है। इसका निर्माण प्री-कैम्ब्रियन काल में हुआ था, जो 600 से 570 मिलियन वर्ष पूर्व का माना जाता है। यह भारत ही नहीं, बल्कि विश्व की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है। इसकी सर्वोच्च चोटी गुरु शिखर (1722 मी.) है।

45. निम्नलिखित में से कौन-सा शहर कर्क रेखा से सबसे निकटस्थ है?

(a) जबलपुर (b) अहमदाबाद
(c) उज्जैन (d) वाराणसी

उत्तर–(a)

विकल्प में दिए गए शहरों की अक्षांशीय स्थिति इस प्रकार से है–

स्थान	अक्षांश
जबलपुर	23°11' उत्तर
अहमदाबाद	23°02' उत्तर
उज्जैन	23°09' उत्तर
वाराणसी	25°18' उत्तर

उपर्युक्त शहरों की अक्षांशीय स्थिति के अनुसार कर्क रेखा के सर्वाधिक निकट का शहर जबलपुर होगा; क्योंकि जबलपुर के अक्षांश एवं कर्क रेखा के मध्य अक्षांशीय अंतर सबसे कम है।

46. सही कालक्रम में व्यवस्थित कीजिए–

(i) पटपरा जमाव (ii) खेतौन्ही जमाव
(iii) बाघोर जमाब (iv) सिहावल जमाव
कूट :
(a) (i), (iv), (ii), (iii) (b) (iv), (i), (iii), (ii)
(c) (i), (ii) (iii), (iv) (d) (iv), (iii), (ii), (i)

उत्तर–(b)

जमाव	कालक्रम
सिहावल जमाव	निम्न पुरापाषाण काल
पटपरा जमाव	मध्य पुरापाषाण काल
बाघोर जमाव	उत्तर पुरापाषाण काल
खेतौन्ही जमाव	लघु पाषाण काल

47. निम्नलिखित में से किस फसल में सबसे ज्यादा प्रतिशत तेल की मात्रा होती है?

(a) मूंगफली (b) सोयाबीन
(c) सूरजमुखी (d) तिल

उत्तर–(d)

प्रश्नगत दिए गए फसलों में पाई जाने वाली औसत तेल की मात्रा इस प्रकार है–

फसल	तेल का औसत प्रतिशत
मूंगफली	लगभग 48.2%
सोयाबीन	लगभग 40%
सूरजमुखी	लगभग 42%
तिल	लगभग 52%

इस प्रकार तेल की सर्वाधिक मात्रा वाली फसल तिल होगी।

48. 'पीली क्रांति' भारत में निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(a) कृषि उत्पादन (b) तिलहन उत्पादन
(c) मछली उत्पादन (d) दलहन उत्पादन

उत्तर–(b)

पीली क्रांति का संबंध तिलहन उत्पादन से है। अन्य प्रमुख क्रांतियां तथा उनके उत्पादन इस प्रकार हैं : काली (कृष्ण) क्रांति-पेट्रोलियम उत्पादन, नीली क्रांति-मत्स्य उत्पादन, हरित क्रांति-खाद्यान्न उत्पादन, लाल क्रांति-मांस और टमाटर उत्पादन, भूरी क्रांति-उर्वरक एवं श्वेत क्रांति-दुग्ध उत्पादन।

49. लवण-प्रभावित मृदाओं का सर्वाधिक क्षेत्रफल वाला राज्य है–

(a) तमिलनाडु (b) राजस्थान
(c) गुजरात (d) आंध्र प्रदेश

उत्तर–(c)

भारत में लवण प्रभावित मृदाओं में सर्वाधिक क्षेत्रफल वाला राज्य गुजरात है। इसके बाद क्रमशः हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश का स्थान है। भारत में क्षारीय मृदा से प्रभावित सर्वाधिक क्षेत्र उत्तर प्रदेश राज्य में है।

50. शहतूत रेशम का अग्रणी उत्पादक भारतीय राज्य है–

(a) आंध्र प्रदेश (b) तमिलनाडु
(c) कर्नाटक (d) पश्चिम बंगाल

उत्तर–(c)

केंद्रीय रेशम बोर्ड के वर्ष 2019-20 के आंकड़ों के अनुसार, भारत में शहतूत (Mulberry) रेशम का अग्रणी उत्पादक राज्य कर्नाटक है। इसके बाद क्रमशः आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल एवं तमिलनाडु का स्थान आता है।

51. निम्नलिखित में से कौन-सी संस्था कृषि पदार्थों के निर्यात में सम्मिलित नहीं है?

(a) नेफेड (b) स्टेट ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन

(c) इफको (d) एम.एम.टी.सी.

उत्तर—(c)

नेफेड (NAFED), स्टेट ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन (STC) और एम.एम.टी.सी. (MMTC) भारत से कृषि उत्पादों का निर्यात करने वाली संस्थाएं हैं, जबकि इफको (IFFCO) रासायनिक उर्वरक के उत्पादन, निर्यात एवं आयात करने वाली संस्था है।

52. निम्नलिखित में से कौन-सा समूह रेशेवाली फसलों से संबंधित है?

(a) पटसन, चना, अलसी (b) मसूर, जई, ढैचा

(c) कपास, जूट, सनई (d) जूट, गेहूं, कपास

उत्तर—(c)

कपास, जूट, सनई का संबंध रेशे वाली फसलों से है। आर्थिक समीक्षा 2021-22 के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2020-21 (चतुर्थ अग्रिम अनुमान) में भारत में सर्वाधिक कपास का उत्पादन महाराष्ट्र में तथा जूट एवं मेस्टा का उत्पादन पश्चिम बंगाल में होता है।

53. निम्न में कौन एक सही सुमेलित नहीं है?

फसल	**रोग**
(a) धान	उकठा
(b) सरसों	सफेद गेरुई
(c) बाजरा	कंडुवा
(d) मूंगफली	टिक्का

उत्तर—(a)

उकठा रोग (Wilfing) मुख्यतः पौधों की पत्तियों से संबंधित है। इस रोग के कारण पत्तियां सूखने लगती हैं। उकठा रोग मुख्य रूप से दलहनी एवं तिलहनी फसलों का रोग है। यह मुख्यतः अरहर, गन्ना एवं चना आदि फसलों को प्रभावित करता है। इस रोग का संबंध धान से नहीं है। अन्य सभी विकल्प सही सुमेलित हैं।

54. निम्नलिखित रासायनिक उर्वरकों में से कौन 20° से. पर जल में अपेक्षाकृत अधिक घुलनशील है?

(a) अमोनियम सल्फेट (b) यूरिया

(c) डाइअमोनियम फॉस्फेट (d) अमोनियम क्लोराइड

उत्तर—(b)

प्रश्नगत रासायनिक उर्वरकों में 20° से. पर यूरिया जल में अधिक घुलनशील होता है।

55. सूची-I को सूची-II सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–

सूची-I	**सूची-II**
A. गद्दीस	1. मेघालय
B. टोडा	2. हिमाचल प्रदेश
C. खासी	3. मणिपुर
D. नागा	4. तमिलनाडु

कूट :

	A	B	C	D
(a)	1	2	4	3
(b)	3	1	2	4
(c)	4	3	2	1
(d)	2	4	1	3

उत्तर—(d)

जनजाति	**प्रदेश**
गद्दीस	हिमाचल प्रदेश
टोडा	तमिलनाडु
खासी	मेघालय
नागा	मणिपुर

56. कोल बांध परियोजना का निर्माण भारत में निम्नलिखित में से किस नदी पर हुआ है?

(a) कृष्णा (b) सतलज

(c) गोदावरी (d) नर्मदा

उत्तर—(b)

कोल बांध परियोजना का निर्माण सतलज नदी पर हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में किया गया है। इस बांध की ऊंचाई (फाउंडेशन सहित) 167 मीटर है। इस बांध द्वारा निर्मित जलाशय के जल का उपयोग विद्युत उत्पादन हेतु किया जा रहा है। इसका निर्माण राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (NTPC) द्वारा किया गया है।

57. भारत के निम्नलिखित राज्यों में से कौन अधिकतम सिल्क सूत (Silk yarn) उत्पादित करता है?

(a) तमिलनाडु (b) पंजाब

(c) मध्य प्रदेश (d) कर्नाटक

उत्तर—(d)

Statistical Year Book-2018 के अनुसार, भारत का अधिकतम सिल्क सूत उत्पादक राज्य कर्नाटक है। उसके बाद क्रमशः आंध्र प्रदेश एवं असम का स्थान आता है।

58. सूची-I को सूची-II सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–

सूची-I (कोयला क्षेत्र)	**सूची-II (राज्य)**
A. राजमहल	1. पश्चिम बंगाल
B. सोहागपुर	2. छत्तीसगढ़
C. विश्रामपुर	3. मध्य प्रदेश
D. रानीगंज	4. झारखंड

कूट :

	A	B	C	D
(a)	1	2	3	4
(b)	4	3	2	1
(c)	1	4	3	2
(d)	3	2	4	1

उत्तर—(b)

प्रश्नगत कोयला क्षेत्र एवं राज्यों का सही सुमेलन इस प्रकार है–

राजमहल	झारखंड
सोहागपुर	मध्य प्रदेश
विश्रामपुर	छत्तीसगढ़
रानीगंज	पश्चिम बंगाल

59. निम्नलिखित में से कौन 2015-16 में भारत के वृहत्तम चीनी उत्पादन करने वाले राज्यों के सही अवरोही क्रम को प्रदर्शित करता है?

(a) महाराष्ट्र, उ.प्र., कर्नाटक, तमिलनाडु

(b) उ.प्र., महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु

(c) महाराष्ट्र, उ.प्र. तमिलनाडु, कर्नाटक

(d) उ.प्र., कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु

उत्तर—(a)

वर्ष 2015-16 के आंकड़ों के अनुसार, भारत के शीर्ष चीनी उत्पादक राज्यों का क्रम इस प्रकार है–1. महाराष्ट्र (34.5%), 2. उत्तर प्रदेश (26.4%), 3. कर्नाटक (16.9%), 4. तमिलनाडु (4.7%) तथा 5. आंध्र प्रदेश (3.5%)। वर्ष 2019 खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के दिसंबर, 2020 के आंकड़ों के अनुसार चीनी उत्पादन में उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है, जबकि महाराष्ट्र दूसरे स्थान पर है।

60. पी. सेनगुप्ता और जी. सदास्युक (1968) ने भारत को कितने लघु कृषि प्रदेशों में बांटा था?

(a) 58 (b) 63

(c) 60 (d) 65

उत्तर—(c)

रजिस्ट्रार जनरल ऑफ सेंसस जनगणना, भारत सरकार ने 1968 में डॉ. (मिस) पी. सेनगुप्ता और रशियन भूगोलवेत्ता डॉ. गलीना सदास्युक के अध्ययन पर आधारित एक प्रबंध (Monograph) प्रकाशित किया। जिसमें भारत को 4 दीर्घ (Macro), 11 बड़े (Mega) और 60 लघु (Micro) कृषि क्षेत्रों में बांटा गया था।

विश्व का भूगोल

61. सूची-I को सूची-II सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–

सूची - I (महासागर)	**सूची -II (सबसे गहरे स्थान)**
A. प्रशांत महासागर	1. जावा ट्रेन्च
B. अटलांटिक महासागर	2. यूरेशियन बेसिन
C. हिंद महासागर	3. मेरियाना ट्रेन्च
D. आर्कटिक महासागर	4. प्यूर्टोरिको ट्रेन्च

कूट :

	A	B	C	D
(a)	4	3	2	1
(b)	3	4	1	2
(c)	1	3	4	2
(d)	2	4	3	1

उत्तर—(b)

प्रश्नगत महासागर एवं उनसे संबंधित महासागरीय गर्त निम्नानुसार हैं–

महासागर	**गर्त**
प्रशांत महासागर	मेरियाना ट्रेन्च
अटलांटिक महासागर	प्यूर्टोरिको ट्रेन्च
आर्कटिक महासागर	यूरेशियन बेसिन
हिंद महासागर	जावा ट्रेन्च

62. सूची-I को सूची-II सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–

सूची - I (खनिज)	**सूची -II (देश)**
A. चांदी	1. चिली
B. अभ्रक	2. रूसी संघ
C. लौह अयस्क	3. मेक्सिको
D. तांबा	4. भारत

कूट :

	A	B	C	D
(a)	3	4	2	1
(b)	2	3	4	1
(c)	3	2	1	4
(d)	3	1	4	2

उत्तर—(a)

प्रश्नगत देश एवं उनसे संबंधित खनिज का सुमेलन निम्नानुसार है–

खनिज	**देश**
तांबा	चिली
अभ्रक	भारत
लौह अयस्क	रूसी संघ
चांदी	मेक्सिको

63. निम्नलिखित झीलों में से कौन पूर्णतः संयुक्त राज्य अमेरिका में अवस्थित है?

(a) मिशिगन (b) सुपीरियर

(c) ओन्टारियो (d) ईरी

उत्तर—(a)

संयुक्त राज्य अमेरिका की महान झीलों में मिशिगन पूर्णतः अमेरिका (U.S.A.) में स्थित है। मिशिगन शहर के किनारे अमेरिका का प्रसिद्ध शहर शिकागो बसा है।

64. निम्नलिखित में से किस यंत्र का भूकंप तरंगों के मापन के लिए प्रयोग किया जाता है?

(a) सिस्मोग्राम (b) सिस्मोग्राफ
(c) सिस्मोस्कोप (d) सिस्मोमीटर

उत्तर—(b)

वैज्ञानिकों द्वारा सामान्यतः भूकंप तरंगों के मापन के लिए सिस्मोग्राफ (Seismograph) का प्रयोग किया जाता है। सिस्मोमीटर से भूकंप की तीव्रता का मापन किया जाता है।

65. निम्नलिखित में कौन महाद्वीपों के क्षेत्रफल का सही अनुक्रम (अवरोही क्रम में) प्रस्तुत करता है?

(a) एशिया, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, यूरोप
(b) अफ्रीका, एशिया, यूरोप, उत्तरी अमेरिका
(c) उत्तरी अमेरिका, अफ्रीका, एशिया, यूरोप
(d) उत्तरी अमेरिका, एशिया, अफ्रीका, यूरोप

उत्तर—(a)

प्रश्नगत महाद्वीपों का क्षेत्रफल इस प्रकार है–

एशिया	44,579,000 वर्ग किमी.
अफ्रीका	30,065,000 वर्ग किमी.
उत्तरी अमेरिका	24,256,000 वर्ग किमी.
यूरोप	9,938,000 वर्ग किमी.

66. निम्नलिखित देशों में से कौन अफ्रीका महाद्वीप में नहीं स्थित है?

(a) गैबन (b) गीनी
(c) गीनी बिसाऊ (d) गुयाना

उत्तर—(d)

गैबन, गीनी और गीनी बिसाऊ अफ्रीका महाद्वीप में स्थित है, जबकि गुयाना दक्षिण अमेरिका महाद्वीप में स्थित है। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

67. निम्नलिखित देशों में कौन 2016-17 में विश्व में चाय का बृहत्मक निर्यातक (मूल्य डॉलर में) था?

(a) श्रीलंका (b) भारत
(c) चीन (d) केन्या

उत्तर—(c)

दिए गए विकल्पों में चीन वर्ष 2016-17 में विश्व में चाय का बृहत्मक निर्यातक था।

2016-17 में 5 निर्यातक देश (मूल्य डॉलर में)–

1. चीन	1.6 बिलियन	2. श्रीलंका	1.5 बिलियन
3. केन्या	1.4 बिलियन	4. भारत	591.2 मिलियन

FAO, 2020 के आंकड़ों के अनुसार विश्व में चाय का सबसे बड़ा निर्यातक (मूल्य डॉलर में) देश चीन है। जबकि मात्रा के आधार पर सबसे बड़ा निर्यातक देश केन्या है।

पर्यावरण

68. 2015 में निम्नलिखित राज्यों में से किसके भौगोलिक क्षेत्रफल का सबसे अधिक प्रतिशतांश वनों के अंतर्गत था?

(a) अरुणाचल प्रदेश (b) नगालैंड
(c) मेघालय (d) मिजोरम

उत्तर—(d)

भारत वन स्थिति रिपोर्ट, 2015 और 2021 के अनुसार, राज्यों के भौगोलिक क्षेत्रफल के अंतर्गत वनों के प्रतिशत का सुमेलन इस प्रकार है–

राज्य	भौगोलिक क्षेत्रफल के अंतर्गत वन प्रतिशत	
	(2015)	(2021)
मिजोरम	88.93	84.53
अरुणाचल प्रदेश	80.30	79.33
नगालैंड	78.21	73.90
मेघालय	76.76	76.00

69. पर्यावरण के परिरक्षण एवं संरक्षण हेतु पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम भारत सरकार द्वारा कब पारित किया गया?

(a) 1986 (b) 1981
(c) 1987 (d) 1978

उत्तर—(a)

पर्यावरण के परिरक्षण एवं संरक्षण हेतु पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम The Environment (Protection) Act भारत में वर्ष 1986 में पारित हुआ था।

70. निम्नलिखित में से कौन-सी एक वायुमंडल में स्थायी गैस है?

(a) कार्बन डाइऑक्साइड (b) ओजोन
(c) नाइट्रोजन (d) नियॉन

उत्तर—(c)

वायुमंडल में स्थायी गैस उन गैसों को कहते हैं, जिनका प्रतिशत दिन प्रतिदिन नहीं बदलता है। इन गैसों में मुख्यतः नाइट्रोजन, ऑक्सीजन एवं आर्गन को रखा जाता है। वायुमंडल में तीन गैसों को छोड़कर बाकी सभी गैसों की प्रतिशतता अत्यंत न्यून होती है और कुछ गैसों की प्रतिशतता परिस्थितियों के अनुसार बदलती रहती है। इसलिए इन सभी को अस्थायी गैसों की श्रेणी में रखा जाता है।

71. ग्रीनवाश इंगित करता है–

(a) झूम कृषि की प्रोन्नति
(b) नदी जल का शुद्धीकरण
(c) हरियाली हटाना
(d) पर्यावरण संरक्षण का झूठा वादा करना

उत्तर—(d)

ग्रीनवाश उस स्थिति को संदर्भित करता है, जहां एक संगठन अपने पर्यावरणीय प्रथाओं या किसी उत्पाद या सेवा के पर्यावरणीय लाभों के बारे में लोगों को गुमराह करना चाहता है।

72. निम्नलिखित संस्थानों में किसमें पर्यावरण सूचना प्रणाली (ENVIS) का 'जनसंख्या एवं पर्यावरण केंद्र' स्थित है?

(a) आई.आई.टी., खड़गपुर
(b) आई.आई.टी., नई दिल्ली
(c) आई.आई.पी.एस., मुंबई
(d) एन.आई.आर.एस., देहरादून

उत्तर—(c)

पर्यावरण सूचना प्रणाली (ENVIS) का 'जनसंख्या एवं पर्यावरण केंद्र' (मीडिया, पर्यावरण शिक्षा और सतत विकास) जनसंख्या विज्ञान के अंतरराष्ट्रीय संस्थान (IIPS), मुंबई (देवनार) में स्थित है।

73. जर्मन वाच द्वारा प्रकाशित 2017 क्लाइमेट चेंज परफॉर्मेंस इंडेक्स (CCPI) के अनुसार, विश्व के 58 देशों में भारत का स्थान है?

(a) 23वां (b) 22वां
(c) 21वां (d) 20वां

उत्तर—(d)

नवंबर, 2016 में जर्मन स्वतंत्र एनजीओ जर्मन वाच एवं क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क द्वारा 'क्लाइमेट चेंज परफॉर्मेंस इंडेक्स (CCPI), 2017' जारी की गई। 58 देशों की इस सूची में भारत को 20वां स्थान प्राप्त हुआ था। नवंबर, 2021 में जारी CCPI, 2022 इंडेक्स में 61 देशों को शामिल किया गया। जिसमें भारत का स्थान 10वां (स्कोर-69.22) है। डेनमार्क 76.67 स्कोर के साथ चौथे स्थान पर है, पेरिस समझौता के प्रभावी उपाय के पालन न करने के कारण कोई भी देश प्रथम तीन स्थानों में जगह नहीं बना पाया।

74. राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी शोध संस्थान (नीरी) कब और कहां स्थापित किया गया?

(a) 1970, धनबाद (b) 1958, नागपुर
(c) 1956, नई दिल्ली (d) 1960, चेन्नई

उत्तर—(b)

राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी शोध संस्थान (National Environmental Engineering Research Institute : NEERI) की स्थापना वर्ष 1958 में नागपुर में की गई थी। वर्तमान में इसके निदेशक डॉ. अतुल नारायण वैद्य हैं।

जनसंख्या एवं नगरीकरण

75. निम्नलिखित कथनों का परीक्षण कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए—

(i) भारत में शिशु लिंग-अनुपात (0-6 वर्ष) 2001-11 में घटा है।
(ii) हरियाणा का शिशु लिंग-अनुपात 2001-11 में बढ़ा है।
(iii) भारत का ग्रामीण लिंग-अनुपात नगरीय लिंग अनुपात से अधिक है।
(iv) भारत में पुरुष शिशु मृत्यु-दर महिला शिशु मृत्यु-दर से अधिक है।

कूट :

(a) (i) और (ii) (b) (ii) और (iii)
(c) (i), (ii) और (iii) (d) (i), (iii) और (iv)

उत्तर—(c)

जनगणना 2011 के अंतिम आंकड़ों के अनुसार, भारत में शिशु लिंगानुपात (0–6 वर्ष) 2001 के 927 से घटकर 919 पर आ गया है, जो कि वर्ष 1961 के बाद से न्यूनतम है। हरियाणा का शिशु लिंगानुपात वर्ष 2001 के 819 से बढ़कर 834 हो गया है। जनगणना 2011 के अनुसार, भारत में लिंगानुपात (प्रति 1000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या) 943 है, जो वर्ष 2001 से 10 अधिक है। ग्रामीण क्षेत्रों में लिंगानुपात 949 तथा शहरी क्षेत्रों में 929 है। भारत में पुरुष मृत्यु दर प्रति 100 महिला शिशु पर 97 है।

76. निम्नलिखित में से किसका नाम प्रव्रजन सिद्धांत से संबंधित है?

(a) नोटेस्टीन (b) थॉम्पसन
(c) ली (d) डबुलडे

उत्तर—(c)

दिए गए विकल्पों में ली (Lee) का नाम प्रव्रजन सिद्धांत से संबंधित है। ली ने प्रवास (Migration) के निवास को स्थायी अथवा अर्धस्थायी परिवर्तन के रूप में माना है। इसमें इसी से संबंधित कोई प्रतिबंध नहीं है तथा यह स्वेच्छा से एवं अनिच्छा से हो सकता है। साथ ही यह वाह्य एवं आंतरिक स्वरूप लिए हो सकता है।

77. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–

कथन (A) : भारत में जनसंख्या का ग्रामीण से शहरी प्रव्रजन सर्वाधिक है।

कारण (R) : ग्रामीण से ग्रामीण प्रव्रजन मुख्यतया महिला प्रव्रजन है।

कूट :

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की व्याख्या करता है।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, किंतु (R), (A) की व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) सही है, किंतु (R) गलत है
(d) (A) गलत है, किंतु (R) सही है।

उत्तर—(b)

जनसंख्या का एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना प्रव्रजन कहलाता है। प्रव्रजन सामान्यतः दो प्रकार का होता है–स्थायी एवं अस्थायी। गमन-आगमन के आधार या प्रव्रजन ग्रामीण से ग्रामीण, ग्रामीण से शहरी, शहरी से ग्रामीण तथा शहरी से शहरी हो सकता है। ग्रामीण से ग्रामीण प्रवास की धाराओं में स्त्रियों की संख्या सर्वाधिक है, जबकि इसके विपरीत आर्थिक कारणों की वजह से अंतरराज्यीय प्रवास ग्राम से नगरों में पुरुषों की संख्या सर्वाधिक है। अतः उपर्युक्त व्याख्या के आधार पर कहा जा सकता है कि कथन (A) तथा (R) दोनों ही सत्य हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की व्याख्या नहीं कर रहा है।

78. अधोलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–

कथन (A) : भारत के उत्तरी-पूर्वी राज्यों में अनुसूचित जाति की जनसंख्या बहुत कम है।

कारण (R) : भारत के उत्तरी-पूर्वी राज्यों में कृषि के अंतर्गत भूमि का प्रतिशत बहुत कम है।

कूट :

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की व्याख्या करता है।

(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, किंतु (R), (A) की व्याख्या नहीं करता है।

(c) (A) सही है, किंतु (R) गलत है।

(d) (A) गलत है, किंतु (R) सही है।

उत्तर–(b)

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र (NER) में अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा शामिल हैं। भारत के इन उत्तर-पूर्वी राज्यों में अनुसूचित जाति की संख्या बहुत ही कम है। कुछ उत्तर-पूर्वी राज्यों जैसे-अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड आदि में तो अनुसूचित जाति की संख्या ही नहीं है, जबकि शेष राज्यों में इनकी संख्या मात्र हजारों में ही है। वहीं देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग 7.9 प्रतिशत भाग पूर्वोत्तर क्षेत्र के आठ राज्यों में समाविष्ट है। अतः उपर्युक्त दोनों कथन सत्य हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की व्याख्या नहीं करता है, क्योंकि उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए यह नहीं कहा जा सकता है कि क्षेत्रफल कम होने की वजह से इन राज्यों में अनुसूचित जातियों की संख्या कम है।

79. निम्नलिखित राज्यों में से किसमें 2011 में जनसंख्या में ऋणात्मक वृद्धि अंकित की गई थी?

(a) केरल (b) गोवा

(c) नगालैंड (d) मेघालय

उत्तर–(c)

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, नगालैंड की जनसंख्या में ऋणात्मक वृद्धि (-0.6) अंकित की गई थी।

80. निम्नलिखित में से कौन-सा एक स्मार्ट नगर विकास का लक्ष्य नहीं है?

(a) अच्छा शासन

(b) स्वच्छ हरितनगर

(c) जीवन की गुणवत्ता का स्थिरीकरण

(d) सुव्यवस्थित (स्मार्ट) गतिशीलता

उत्तर–(c)

स्मार्ट शहर का उद्देश्य स्थानीय क्षेत्र के विकास को साकार करना और तकनीक का उपयोग कर विशेषकर ऐसी तकनीक जिसके स्मार्ट परिणाम मिले। आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। क्षेत्र आधारित विकास से मलिन बस्तियों को बेहतर नियोजित शहरों में रूपांतरित करने सहित और मौजूदा क्षेत्रों का रूपांतरण (पुनः संयोजन और पुनः विकास) होगा। शहरी क्षेत्रों की बढ़ती आबादी को समायोजित करने के लिए शहरों के इर्द-गिर्द नए क्षेत्र (हरित क्षेत्र) विकसित किए जाएंगे। स्मार्ट समाधानों के प्रयोग से शहर अवसंरचना और सेवाओं में सुधार करने हेतु तकनीक, सूचना और आंकड़ों का उपयोग कर सकेंगे। इस तरह से व्यापक विकास से जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा। रोजगार सृजित होगा और सभी विशेषकर गरीब एवं उपेक्षित लोगों की आय में बढ़ोत्तरी होगी, जिससे शहर समावेशी बनेंगे।

81. निम्नलिखित केंद्रशासित राज्यों में कौन सबसे कम नगरीकृत है?

(a) लक्षद्वीप (b) अंडमान एवं निकोबार द्वीप

(c) दादरा एवं नगर हवेली (d) पुडुचेरी

उत्तर–(b)

दिए गए केंद्रशासित राज्यों में अंडमान एवं निकोबार सबसे कम नगरीकृत है।

केंद्रशासित राज्य	नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत (जगगणना 2011)
लक्षद्वीप	78.07
पुडुचेरी	68.33
दादरा एवं नगर हवेली	46.72
अंडमान एवं निकोबार द्वीप	37.70

82. भारत ने नई राष्ट्रीय जनसंख्या नीति को कब अपनाया?

(a) 1990 (b) 1995

(c) 2000 (d) 2005

उत्तर–(c)

फरवरी, 2000 में सरकार ने राष्ट्रीय जनसंख्या नीति, 2000 घोषित की थी। इस नीति में 3 उद्देश्य, 4 नई संरचनाएं, 12 नीति संबंधी विषय, वर्ष 2010 के लिए 14 राष्ट्रीय सामाजिक जनसांख्यिकीय लक्ष्य, छोटे परिवार की प्राप्ति हेतु 16 प्रोत्साहक उपाय तथा 101 क्रियात्मक उपाय अर्थात कुल मिलाकर 150 मुख्य तथ्य सम्मिलित हैं। इन्हीं में से एक प्रमुख तथ्य अशोधित जन्म दर को वर्ष 2010 तक कम करके 21 प्रति हजार तक लाना था।

83. 'अम्लैण्ड' शब्द का क्या अर्थ है?

(a) नगर का हृदय-क्षेत्र

(b) सेटेलाइट नगर

(c) नगर का प्रतिवेशी (आस-पास का) क्षेत्र

(d) नगर का निवास-क्षेत्र

उत्तर–(c)

'अम्लैण्ड' शब्द का अर्थ नगर का प्रतिवेशी (आस-पास का) क्षेत्र होता है। इसे हिनटरलैंड (Hinterland) भी कहा जाता है।

84. निम्नलिखित राज्यों में से कौन 2011 की जनगणना के अनुसार, कुल साक्षरता दर और नगरीकरण के स्तर की दृष्टि से भारत में दूसरे स्थान पर है?

(a) तमिलनाडु (b) मिजोरम
(c) नगालैंड (d) गुजरात

उत्तर—(b)

जनगणना 2011 के अनुसार, सर्वाधिक साक्षरता दर एवं नगरीकरण वाले 5 राज्य—

राज्य	साक्षरता दर	राज्य	नगरीकरण
केरल	94.0	गोवा	62.2
मिजोरम	91.3	मिजोरम	52.1
गोवा	88.7	तमिलनाडु	48.4
त्रिपुरा	87.2	केरल	47.7
हिमाचल प्रदेश	82.8	महाराष्ट्र	45.2
तमिलनाडु	80.1	तमिलनाडु	48.4
नगालैंड	79.6	नगालैंड	28.9
गुजरात	78.0	गुजरात	42.6

उपर्युक्त आंकड़ों के आधार पर स्पष्ट है कि साक्षरता दर तथा नगरीकरण के स्तर की दृष्टि से मिजोरम द्वितीय स्थान पर है।

85. निम्नलिखित राज्यों में किसमें नगरीकरण का स्तर (% नगरीय जनसंख्या) 2011 की जनगणना के अनुसार निम्नतम है?

(a) अरुणाचल प्रदेश (b) सिक्किम
(c) बिहार (d) नगालैंड

उत्तर—(c)

राज्य	नगरीकरण प्रतिशत में जनगणना 2011 के आधार पर
नगालैंड	28.9
अरुणाचल प्रदेश	22.9
सिक्किम	25.2
बिहार	11.3

उपर्युक्त आंकड़ों के आधार पर स्पष्ट है कि बिहार राज्य में नगरीकरण का स्तर (प्रतिशत) निम्नतम है।

86. अधोलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए—

कथन (A) : भारत एक नगरीय जनाधिक्य वाले देश का उदाहरण है।

कारण (R) : भारत के अधिकांश बड़े नगरों में पर्याप्त अवस्थापना का अभाव है।

कूट :

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की व्याख्या करता है।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, किंतु (R), (A) की व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) सही है, किंतु (R) गलत है
(d) (A) गलत है, किंतु (R) सही है।

उत्तर—(d)

जनगणना 2011 के आंकड़ों के अनुसार, देश की लगभग 121 करोड़ की आबादी में 83.4 करोड़ (68.9%) लोग गांवों में तथा 37.7 करोड़ (31.1%) लोग शहरों में निवास करते हैं। हालांकि जनसंख्या के रूप में भारतीय शहरों में रहने वाले लोग कई विकसित देशों की तुलना में बहुत ही अधिक हैं, फिर भी प्रतिशतता के आधार पर भारत अभी भी विकसित देशों जैसे हांगकांग, सिंगापुर से बहुत ही पीछे है, जहां की नगरीय जनसंख्या लगभग 100 प्रतिशत है। अतः प्रतिशतता के आधार पर हम देखें तो विकसित देशों के मुकाबले भारत अभी जनाधिक्य वाले देशों के उदाहरण में शामिल नहीं है। फिर भी भारत में नगरीकरण की प्रवृत्ति काफी तेज है। हालांकि नगरीकरण के इस तेज प्रवृत्ति की तुलना में शहरी सुविधाओं जैसे बिजली, पानी, शौचालय परिवहन आदि की उपलब्धता नहीं बढ़ पा रही है, जिससे शहरों में समस्याओं का जनाधार बनता जा रहा है।

उपर्युक्त व्याख्या के आधार पर कहा जा सकता है कि कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

87. 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में कितने दस लाखी नगर हैं?

(a) 35 (b) 46
(c) 53 (d) 57

उत्तर—(c)

2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में दस लाखी नगरों की संख्या 53 है।

88. संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, विश्व की जनसंख्या का कितना अनुमानित प्रतिशत 2016 में नगरीय अधिवासों में निवास करता था?

(a) 53.5 (b) 54.5
(c) 55.5 (d) 56.5

उत्तर—(b)

संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी 'वर्ष 2016 में विश्व के शहर' (The World's Cities in 2016) में दिए गए आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2016 में विश्व की जनसंख्या का 54.5 प्रतिशत नगरीय अधिवासों (Urban settlements) में निवास करती थी, जबकि वर्ष 2030 में इसके बढ़कर 60 प्रतिशत होने की संभावना है।

89. प्रतिदर्श पंजीयन सर्वेक्षण (SRS), 2016 के अनुसार, भारत की कुल प्रजनन दर (TFR) निवास अनुसार क्या थी?

(a) 3.4 (b) 3.1

सम-सामयिक
घटना चक्र

घटना चक्र

Android App

DOWNLOAD

GET IT ON Google Play

या

https://shop.ssgcp.com

पर ऑनलाइन आर्डर भेजें अथवा अपने नज़दीकी पुस्तक विक्रेता से प्राप्त करें